# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 25 ■ अम्बिकापुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# समिति में धान बेचे सैकड़ों किसानों को नहीं मिली फूटी कौड़ी, बताया कर्जदार

## फर्जी तरीके से करोड़ों रूपये खाते से आहरण करने का आरोप

### पूर्व मंत्री के साथ सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे कलेक्टर के पास

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सीतापुर विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केरजू के समिति प्रबंधक पर किसानों के खातों से फर्जी तरीके से ऋण निकालने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। सोमवार को काफी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने दिवंगत समिति प्रबंधक और बैंक प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इनका कहना है कि लीमिट से अधिक ऋण बताकर धान बिक्री की पूरी राशि कटौती कर ली जा रही है। इस फर्जीवाड़ा का शिकार केरजू समिति के अंतर्गत आने वाले पांच गांव के लगभग ढाई हजार किसान हुए हैं, इनमें मृतक भी शामिल हैं। करीब 20 करोड़ से अधिक से फर्जीवाड़ा के इस मामले में नियमानुसार जांच, कार्रवाई करते हुए फर्जीवाड़ा करने वालों के संपत्ति को कुर्क करके शासकीय राशि की भरपाई करने और किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की गई है। शिकायत पत्र में उल्लेख है कि सीतापुर निवासी स्व. दिनेश गुप्ता पिता जवाहर लाल गुप्ता आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केरजू में समिति प्रबंधक के पद पर कार्यरत रहे। लैम्पस केरज अंतर्गत 5 गांव केरजू, कुनमेरा, ढोढ़ागांव एवं हरदीसांड़ आता है। लैम्पस में पंजीकृत किसानों के द्वारा कई वर्षों से खाद, बीज एवं ऋण लेकर धान उत्पादन और विक्रय का करते आ रहे हैं। गांव के कृषक रामचंद्र सिंह ठाकुर, कमल कुजूर, नेतराम, गौरीशंकर, गंगा यादव, जिरजोधन सिंह, महादेव, मनोहर, सुबरन, पृथ्वी सिंह, चैनसाय सहित अन्य ने बताया है कि वर्ष 2025-26 में धान विक्रय के लिए टोकन कटा कर धान विक्रय करके किसान धान का पैसा लेने सहकारी बैंक पेटला गए तो पता चला कि उनके खाते से ऋण लिया गया है, जबकि बताई जा रही राशि के अनुरूप उन्होंने ऋण प्राप्त ही नहीं किया है। उन्होंने जितनी राशि का खाद, बीज एवं ऋण लिया गया है उसका रसीद मिला है।

आरोप है कि पासबुक उनके पास रहने के बाद भी बिना सहमति और पासबुक, विड्रॉल पर्ची के ऋण की राशि सहकारी बैंक पेटला के द्वारा आहरण करके तत्कालीन समिति प्रबंधक को दे दिया गया और ऋण की वसूली किसानों से की जा रही है। सहकारी समिति केरजू के कर्मचारियों से ऋण की सूची मांगने पर देने में आनाकानी की जा रही है, ताकि जो फर्जी ऋण आहरण तत्कालीन समिति प्रबंधक के द्वारा किया गया है, उसका पर्दाफास न हो। किसानों के खून-पसीने की कमाई से उपजाए गए धान से फर्जीवाड़ा करके ली गई ऋण राशि की भरपाई का प्रयास चल रहा है। अब तक कई धान विक्रय करने वाले किसानों से ऋण की राशि वसूल भी कर ली गई है। ऋण की राशि इतनी ज्यादा है कि छोटे किसानों का ऋण तो धान विक्रय के बाद भी पूरी तरह से भरपाई नहीं हो पा रहा है, जबकी कई किसानों के द्वारा तो ऋण लिया ही नहीं गया है।



### खुद को ठगा महसूस कर रहे किसान

केरजू लेम्पस में पंजीकृत किसान खुद को बहुत ज्यादा मानसिक रुप से पीड़ित और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, इनका कहना है कि काफी मेहनत करके उन्होंने उपज प्राप्त किया, और बिक्री के बाद उन्हें मेहनत का प्रतिफल ऋण के नाम पर नहीं मिल पा रहा है। बैंक के कर्मचारियों का भी असहयोगात्मक रूख सामने आ रहा है, जिस कारण उनके समक्ष आत्महत्या की नौबत बन गई है। ग्रामीणों ने सरगुजा कलेक्टर से मुलाकात करके अपनी पीड़ा को बयां किया है और मामले में हस्तक्षेप करते हुए सहकारी समिति लेम्पस केरजू एवं जिला सहकारी बैंक पेटला के दोषियों पर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है, जिससे फर्जी तरीके से किसानों के खाते से ऋण की रकम निकालने वालों का चेहरा बेनकाब हो सके और उन्हें धान बिक्री का वास्तविक भुगतान मिल सके।



केरजू सहकारी समिति अंतर्गत आने वाले गांव के करीब 25 सौ लोगों ने लोन नहीं लिया, लेकिन उनके खाते में लोन चढ़ गया है। ऐसे में धान बेचने के लिए पहुंचे किसानों का पूरा पैसा लोन में एडजेस्ट हो जा रहा है। जो किसान जीवित नहीं है, उनके नाम भी लोन लेना सामने आया है। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे इन किसानों को राहत मिले, इसके लिए सरगुजा कलेक्टर को जांच कराने के लिए कहा गया है, ताकि धान बेचने वाले किसानों को उनके मेहनत का वाजिब दाम मिल सके। जांच में फर्जीवाड़ा में शामिल लोगों की कलई खुलगी, क्योंकि एक व्यक्ति इतना बड़ा स्कैंडल नहीं कर सकता है, और भी प्लेयर होंगे। फर्जीवाड़ा का यह मामला 20 करोड़ से ऊपर का जांच में आ सकता है। मृत किसानों के नाम पर लोन और लीमिट से अधिक लोन की राशि का सामने आना पूरी तरह से फर्जीवाड़ा को इंगित कर रहा है। जांच के बाद वास्तविक डाटा सामने आएगा। किसानों के हित में हमारी लड़ाई कार्रवाई पूरी नहीं होने तक जारी रहेगी।

**अमरजीत भगत, पूर्व मंत्री**



किसानों के द्वारा लोन नहीं लिया गया, फिर भी उनके नाम पर एंट्री होना बताया जा रहा है। जब वे धान बेचने जा रहे हैं, तो ऋण लिंकिंग के कारण राशि कट जा रही है। इसकी जांच के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी प्राप्त शिकायतों की जांच करेगी। जांच में शासकीय राशि का गबन होना या जिन किसानों ने ऋण नहीं लिया है, और उनके ऊपर गलत तरीके से ऋण लेने जैसा मामला सामने आता है तो जो भी दोषी होंगे, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अजीत वसंत, कलेक्टर सरगुजा**

# दो साल से बंद पड़े राइस मिल के गोदाम में अलसुबह लगी भीषण आग

## 50 लाख का बारदाना जला, 6 दमकल वाहन व 45 कर्मियों की मदद से 15 घण्टे मशक्कत





### पानी के लिए दमकल वाहनों ने लगाया 30 चक्कर, 2 लाख लीटर से अधिक पानी का उपयोग

**छ.ग.फ्रंटलाइन सूरजपुर।** नगर सीमा से लगे ग्राम पर्री में सोमवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो साल से बंद पड़े राइस मिल के गोदाम में ऊंची-ऊंची आग की लपटें दिखी। देखते ही देखते आग भयावह रूप ले लिया। तड़के साढ़े तीन बजे पुलिस कंट्रोल रूम से आग लगने की सूचना दमकल कंट्रोल रूम को मिली थी। सूचना के तुरंत बाद सूरजपुर की तीनों दमकल वाहन मौके पर पहुंची और आग बुझाने का उपक्रम करने लगी। आग की भयावहता को देखते हुए कोरिया, अंबिकापुर और एसईसीएल बिश्रामपुर से 3 और दमकल वाहन बुलानी पड़ी। 6 दमकल वाहनों के 45 कर्मियों ने 15 घण्टे की मशक्कत के बाद शाम साढ़े पांच बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। इस बीच सभी दमकल वाहनों ने पानी के लिए 30 चक्कर लगाया। नगरपालिका की पानी टंकी के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बोर से लगातार पानी की सप्लाई दमकल वाहनों में की जा रही थी। आग बुझाने में करीब 2 लाख लीटर से अधिक पानी का उपयोग किया गया। घटना स्थल का टेम्परेचर इतना ज्यादा था कि कर्मियों को काफी जदोजहद करनी पड़ी। बताया गया है कि इस हादसे में बंद गोदाम में रखा करीब 40 से 50 लाख का पुराना बारदाना जलकर खाख हो गया है। जेसीबी की मदद से गोदाम की दीवार को तोड़ा गया, तब कहीं दमकल वाहनों ने अंदर की आग को बुझाने का काम शुरू किया। आग कैसे लगी यह तो अभी स्पष्ट नही है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। मौके पर एसडीएम शिवानी जयसवाल, जिला सेनानी संजय गुप्ता, नायब तहसीलदार इस्राईल खान सहित पुलिस पेट्रोलिंग टीम लगातार सक्रिय रहे।

**सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं**

पर्री स्थित संदिप एग्रो राइस मिल में आग की घटना से यह भी उजागर हुआ कि बड़े-बड़े गोदाम रिहायशी बस्ती में बना दिए गए, पर किसी में सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया है, न ही आग से बचने के कोई उपाय किए गए थे। वो तो गनीमत थी कि आग पर समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता था। नगर के आसपास ग्रामीण अंचल में इस तरह के बड़े-बड़े गोदाम व मिलें तन गई हैं जिसमें सुरक्षा के शायद ही कोई इंतजाम हो। प्रशासन सांप निकलने के बाद लकीर पीटने के अंदाज में काम कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ले रहा है।

# 192 नग नशीला इंजेक्शन के साथ बाइक सवार सप्लायर गिरफ्तार

## आबकारी उड़नदस्ता टीम ने मिली सूचना पर की कार्रवाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने 192 नग नशीला इंजेक्शन के साथ बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया है। जप्त किए गए इंजेक्शन की कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को 12 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि रनपुर खुर्द निवासी हजरत अली ऑक्सीजन पार्क बधियाचुआं के आसपास अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 1662 से किसी को भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन की सप्लाई करने के लिए निकला है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने ऑक्सीजन पार्क के आसपास सिविल ड्रेस में घेराबंदी कार्रवाई की। कुछ समय बाद केटीएम बाइक में सवार युवक बधियाचुआं की तरफ जाते हुए दिखा, तो आबकारी विभाग की टीम ने उसे रोका। पूछताछ में वह अपना नाम हजरत अली निवासी रनपुर खुर्द का होना बताया। बाइक में टंगे झोले की तलाशी लेने पर उसमें 96 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन और 96 नग एविल इंजेक्शन मिला। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी को गिरफ्तार करके टीम ने विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स के न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल दाखिल का आदेश प्राप्त हुआ। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी के साथ





आबकारी उप निरीक्षक टी.आर. केहरी, प्रधान आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक ओम प्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह, चंद्रावती तथा नीरज चैहान शामिल रहे।

**बीते वर्ष की गई 37 बड़ी कार्रवाई**

बता दें कि वर्ष 2025 में आबकारी उड़नदस्ता टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में 37 बड़ी कार्रवाई की थी। वर्ष 2026 के शुरुआत में ही यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि नशीले इंजेक्शन के विरुद्ध हमने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। ऐसे नशे के सौदागरों पर किसी प्रकार की दया नहीं दिखाई जाएगी। सरगुजा संभाग को नशीले इंजेक्शन, कफ सिरप, टेबलेट, गांजा जैसे नशीले पदार्थों से मुक्त कराना ही हमारा उद्देश्य है।

## चिलम नहीं देने पर मारपीट, मोबाइल पटककर क्षतिग्रस्त किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत तकिया मोड़ के पास मिट्टी के पात्र का व्यवसाय करने वाले युवक से फ्री में चिलम नहीं देने पर मारपीट और मोबाइल क्षतिग्रस्त कर देने का मामला प्रकाश में आया है।

पिन्टू प्रजापति ने पुलिस को बताया है कि 8 जनवरी को उसके घड़ा दुकान में छोटू दुबे एवं निलेश खलखो चिलम लेने के लिए आए थे, जो बिना पैसा दिए चिलम मांगने लगे। जब वह फ्री में चिलम देने से मना कर दिया तो दोनों वहां से चले गए। 9 जनवरी को शाम 7 बजे के लगभग मोन्टी सिंह, छोटू दुबे, रोहन सोनी एवं निलेश खलखो पुनः उसके दुकान में आए, इस दौरान पिन्टू अपने पिकअप में बैठा था। इस दौरान छोटु दुबे बीते दिवस चिलम नहीं देने की बात कहते हुए गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। छोटु दुबे पिकअप से रॉड निकालकर मारपीट करने लगा, तो भांजा आदित्य बीच-बचाव करने लगा। आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट किया और आदित्य का मोबाइल फोन लूटकर जमीन में पटक दिए, जिससे मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया। मारपीट में दोनों को चोटें आई है। मारपीट होते देखकर मौके पर तुलसी प्रजापति और उर्मिला देवी पहुंचे तो आरोपी उन्हें धक्का-मुक्की करके भगा दिए। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज कर ली है।

# जंगल में जुआरियों का लगा था जमघट, पुलिस टीम की दबिश के बाद मची भगदड़

## 1.40 लाख नकद बरामद करके 17 जुआरियों को गिरफ्तार की पुलिस

### साइबर थाना व उदयपुर पुलिस टीम की साझा कार्रवाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** उदयपुर थाना पुलिस व स्पेशल पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करके जंगल में जुआ खेल रहे 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने एक लाख 40 हजार 310 रुपये जप्त करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस की गिरफ्त में आए जुआरियों में एक विधायक कॉलोनी रायपुर निवासी अन्य कोरिया जिला के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक उदयपुर थाना क्षेत्र के कोटेरबुड़ा जंगल में पुलिया के पास काफी संख्या में जुआरियों के मौजूद रहने की सूचना 11 जनवरी को पुलिस को मुखबिर से मिली थी। खबर पर पुलिस टीम सतर्कता बरतते हुए मौके पर पहुंचे तो काफी संख्या में लोग मौजूद थे और जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने जुआ खेल रहे राजेश सोनी पिता लक्ष्मीनारायण सोनी 50 वर्ष निवासी पटना अगस्त चैक जिला कोरिया से 8400 रुपये, संदीप कुमार पिता रामनाथ 32 वर्ष निवासी बरगीया, पटना से 9900 रुपये, राजेन्द्र प्रसाद पिता स्व. सुन्दर लाल 52 वर्ष निवासी पटना बाजारपारा से 7410 रुपये, राजेश गुप्ता पिता गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता 40 वर्ष निवासी पटना बाजारपारा से 8900 रुपये, अलताफ खान पिता औरंगजेब खान 40 वर्ष निवासी पटना बाजारपारा से 7750 रुपये, सुभाष कुमार पिता स्व. जयकरण 38 वर्ष निवासी बरगिया पटना से 7400 रुपये, दीपक क्षत्री पिता राजेन्द्र क्षत्री 47 वर्ष निवासी पटना बजारपारा से 8310 रुपये, विजय सिंह पिता स्व. ठाकुर प्रसाद सिंह 45 वर्ष निवासी पटना वार्ड नंबर 16 से 8870 रुपये, अमित कोरी पिता स्व. बसंत लाल 31 वर्ष निवासी पटना इमलीपारा चैक कोरिया से 7210 रुपये, संदीप गुप्ता पिता मनोज गुप्ता 27 वर्ष निवासी पटना जुनापारा से 8540 रुपये, शैलेन्द्र गुप्ता पिता राम कृपाल गुप्ता 30 वर्ष पटना बाजारपारा से 8910 रुपये, कार्तिक सिंह पिता पिताम्बर सिंह 30 वर्ष निवासी पटना आदर्श चैक से 8310 रुपये, संतोष कुमार सोनी पिता रामेश्वर सोनी 36 वर्ष निवासी पटना बजारपारा से 7940 रुपये, अशोक वर्मा पिता गिरजा शंकर वर्मा 57 वर्ष निवासी पटना आदर्श चैक से 7610 रुपये, सुदर्शन सिंह पिता अहिबरन सिंह निवासी पटना से 8700 रुपये, संदीप पिता एम.डी. ध्रुव 33 वर्ष निवासी बंगला नंबर 30 विधायक कॉलोनी रायपुर से 6500 रुपये, अभिषेक कुमार पिता प्यारे लाल 34 वर्ष निवासी पटना एम.डी. चैक से 9150 रुपये जप्त किया है। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के विरूद्ध कार्रवाई की गई, और जमानत मुचलका पर रिहा किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, प्रधान आरक्षक संजय कुमार, प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, आरक्षक अमन पुरी, अशोक यादव, रमेश राजवाड़े, अजय शर्मा, रविन्द्र साहू, कृष्णा सिंह सक्रिय रहे।





## वाहन स्वामी ने बाइक सहित चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया


**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र से घर की परछी के अंदर से मोटरसायकल को पार करने वाले संदेही को वाहन स्वामी ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले में केस दर्ज करके अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है। गांधीनगर थाना क्षेत्र के मुक्तिपारा निवासी दीनू एक्का में पुलिस को बताया है कि वह अपनी पल्सर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 14 एमके 6934 को अपने घर की परछी में शटर के अंदर रखा था। 10 जनवरी को सुबह करीब 4 बजे कुछ आवाज सुनकर उठा तो देखा कि परछी का शटर खुला हुआ है और मोटरसायकल नहीं है। आस-पास मोटरसायकल का पता लगाते समय सीसीटीव्ही कैमरे को देखवाया तो एक आदमी मोटरसायकल चोरी करके ले जाते नजर आया। चोर को तलाशते जब वह महुआपारा ग्राउंड में पहुंचा तो सीसीटीव्ही कैमरे में कैद व्यक्ति नजर आया। पूछताछ में वह अपना नाम नंनकेश्वर पोया निवासी मानपुर वर्तमान ठिकाना सुभाषनगर बताया। आरोपी ने बताया कि चोरी करने के बाद वह मोटरसायकल को पेट्रोल पंप के पास छिपाकर रखा है। आरोपी के निशानदेही पर मोटरसायकल को कब्जे में लेकर वह पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की है।




# सामरी विधायक ने कलेक्टर एवं एसपी के साथ तातापानी महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** संक्रांति पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का शुभारंभ 14 जनवरी को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। महोत्सव की सभी तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं।

महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बेंकर रमनलाल एवं वनमंडलाधिकारी श्री आलोक बाजपेयी, रेड क्रॉस सोसायटी अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री दिलीप सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री अभिषेक गुप्ता मेला स्थल पहुँचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला परिसर, तपेश्वर महादेव मंदिर, सामूहिक विवाह स्थल, लगाए जा रहे विभागीय स्टॉल, मुख्य मंच एवं बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



तातापानी महोत्सव के अंतर्गत 14 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 200 जोड़ों का विवाह समारोह मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं अन्य मंत्रियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के दौरान इस वर्ष मेला स्थल एवं आरागाही हवाई पट्टी में पैरासेलिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वहीं सांस्कृतिक संध्याओं में स्कूली छात्र-छात्राओं, स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ आमंत्रित कलाकारों द्वारा विविध एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी।

### छत्तीसगढ़ी, बॉलीवुड और भोजपुरी कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुती संस्कृति की झलक को प्रदर्शित करेगी ट्राइबल फैशन वॉक

तातापानी महोत्सव संक्रांति परब का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 14 जनवरी को करेंगे, इस दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जाएगा।

गौरतलब है कि अपने गर्म जल स्त्रोत एवं धार्मिक महत्व के कारण देश भर में विख्यात तातापानी में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर 14 से 16 जनवरी 2026 तक भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। यहां छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं, जिसके लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किये गये हैं।

तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव में इस वर्ष मेला स्थल पर आरागाही हवाई पट्टी में पैरासेलिंग के साथ ही महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में स्कूली छात्र-छात्राओं व स्थानीय कलाकारों के अलावा आमंत्रित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। तातापानी महोत्सव 2026 में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ विभिन्न राज्यों के कलाकार भी शिरकत करेंगे, जहां विभिन्न प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। तातापानी महोत्सव के पहले दिन 14 जनवरी को छत्तीसगढ़ के प्रख्यात गायक एवं कलाकार व पद्मश्री सम्मान से सम्मानित श्री अनुज शर्मा के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राएं भी अपनी प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिवस 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिले के समस्त पंच, सरपंच के लिए किसान संगोष्ठी एवं पंच सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया है। साथ ही संध्याकालीन कार्यक्रम में बॉलीवुड के गायक व कलाकार श्री आदित्य नारायण के द्वारा प्रस्तुति तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा स्थानीय कला एवं संस्कृति की झलक को प्रदर्शित करते हुए ट्राइबल फैशन वॉक किया जाएगा। 16 जनवरी 2026 को संस्कृति संध्या में भोजपुरी कलाकार श्री रितेश पाण्डेय, खुशी ककड़ व डिम्पल सिंह के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## किसान ने सुगमता से बेचा 400 बोरी धान



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में धान खरीदी की व्यवस्था और पारदर्शी नीति का लाभ अब सीधे किसानों तक पहुँच रहा है। इसी कड़ी में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम अधौरा के किसान श्री शिवनाथ राम ने शासन की नीतियों की सराहना करते हुए इसे किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में बेहतर पहल बताया है।

किसान श्री शिवनाथ राम ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने उपार्जन केंद्र में अपना 400 बोरी धान सुगमता पूर्वक बेचा। श्री शिवनाथ राम ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की मान से धान की खरीदी की जा रही है उन्होंने बेहतर धान खरीदी व्यवस्था और 3100 रुपये धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# भारी मालवाहक वाहनों के लिए डायवर्सन मार्ग निर्धारित

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मकर संक्रांति के अवसर पर जिले में 14 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में तातापानी स्थित है और हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण लगातार मालवाहक वाहनों का आवागमन होता रहता है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा भारी मालवाहक वाहनों के सुरक्षित परिवहन/आवागमन के लिए मार्ग व्यवस्था एवं डायवर्सन रूट निर्धारित किया गया है। जारी आदेश में रामानुजगंज-तातापानी-बलरामपुर-सेमरसोत तक(राष्ट्रीय राजमार्ग-343) को 13 जनवरी 2026 प्रातः 10 बजे से 16 जनवरी 2026 रात्रि 12 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जिसमें अम्बिकापुर से रामानुजगंज के लिए डायवर्सन मार्ग अम्बिकापुर-लटोरी-जरही-वाड्रफनगर-प्रेमनगर मोड़ से रामानुजगंज निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कुसमी से रामानुजगंज के लिए डायवर्सन मार्ग कुसमी-राजपुर-सेमरसोत-डवरा-परसवार-प्रतापुर-वाड्रफनगर-प्रेमनगर मोड़ से रामानुजगंज तथा रामानुजगंज से अम्बिकापुर के लिए डायवर्सन मार्ग रामानुजगंज-विजयनगर-त्रिकुण्डा-प्रेमनगर मोड़-वाड्रफनगर से अम्बिकापुर निर्धारित किया गया है।

# सोलर पैनल से दूर हुई बिजली बिल की चिंता

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण अंचलों में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के माध्यम से जहां लोगों को बढ़ते बिजली बिलों से राहत मिल रही है।

जिले के नगर पंचायत राजपुर के निवासी श्री राजेश वर्मा ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल पंजीयन कराया और मात्र एक माह के भीतर उनके घर में सोलर संयंत्र की स्थापना पूर्ण हो गई।

इस परियोजना के अंतर्गत उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन से कुल 1 लाख 08 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त होगी। श्री राजेश वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी एवं आसान मासिक किश्त की सुविधा से आर्थिक भार काफी कम हो गया है। वर्तमान में राजेश सौर ऊर्जा का लाभ लेकर पर्यावरण संरक्षण में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उन्होंने योजना के लिए शासन प्रशासन का धन्यवाद दिया है।

# कमलपुर साइडिंग पुनः शुरू करने के खिलाफ युकां विधानसभा अध्यक्ष ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कमलपुर साइडिंग को पुनः शुरू किए जाने की तैयारी के विरोध में आज युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कमलपुर साइडिंग संचालन की अनुमति न देने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कमलपुर साइडिंग के दोबारा शुरू होने से इलाके में भारी वाहनों का दबाव अत्यधिक बढ़ जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। साथ ही कोयला परिवहन के कारण धूल-प्रदूषण में भारी इजाफा होगा, जिसका सीधा असर आसपास के गांवों, खासकर किसानों की फसलों और कृषि कार्यों पर पड़ेगा। डस्ट के कारण खेती पहले से ही प्रभावित है और साइडिंग शुरू होने से स्थिति और बदतर हो सकती है। ज्ञापन में पूर्व अनुभवों का हवाला देते हुए उल्लेख किया गया कि पहले भी अदानी ग्रुप द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग के दौरान स्थानीय



लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उस समय अदानी ग्रुप ने सांडबार बैरियर से महावीरपुर-संजयनगर तक सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह वादा पूरा नहीं किया गया। भले ही एसईसीएल द्वारा कुछ हद तक सड़क निर्माण कराया गया लेकिन निजी कंपनी द्वारा किए जाने वाले कार्य अधूरे रह गए, जिसका खामियाजा आज भी आमजन भुगत रहा है। कमलपुर साइडिंग के लिए निर्धारित भूमि अपर्याप्त है, जिससे सुरक्षित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्टिंग संभव नहीं है। ऐसे में साइडिंग का संचालन न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि स्थानीय सुरक्षा और पर्यावरण के लिए भी खतरा बन सकता है। विक्की समद्दार ने कहा कि यदि प्रशासन ने जनभावनाओं की अनदेखी कर साइडिंग संचालन की अनुमति दी, तो क्षेत्रवासी किसी भी प्रकार के ट्रांसपोर्टिंग कार्य का विरोध करेंगे। उन्होंने कलेक्टर से मांग किया है कि क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए।

## अज्ञात नवजात बालिका के संबंध में 07 दिवस के भीतर कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** चाईल्ड लाईन बलरामपुर द्वारा विकासखण्ड राजपुर के बरियों रोड किनारे मिली अज्ञात नवजात बालिका को बाल कल्याण समिति बलरामपुर में पेश गया था। वर्तमान में अज्ञात नवजात बालिका के उचित देखभाल हेतु प्रोजेक्ट मैनेजर विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, तिवारी कालोनी संगम चौक, जिला जशपुर में अस्थाई रूप से रखा गया है।

उपरोक्त नवजात बालिका के संबंध में किसी को कोई दावा-आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बलरामपुर में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कलेक्टर एवं एसपी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जागरूकता बाइक रैली का आयोजन

### यातायात नियमों के पालन एवं हेलमेट उपयोग का दिया गया संदेश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जिले में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा आमजन को हेलमेट के उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर रमनलाल एवं वनमंडलाधिकारी श्री आलोक वाजपेयी के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जनजागरूकता बाइक रैली निकाली गई।

रैली कलेक्टर बंगला (पुराना बस स्टैंड) से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई संयुक्त जिला कार्यालय पहुँची। रैली के माध्यम से आमजन को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। हेलमेट का उपयोग न केवल स्वयं की सुरक्षा करता है, बल्कि परिवार की खुशियों को भी सुरक्षित रखता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें दोपहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होती है। अधिकांश मामलों में हेलमेट न पहनना मृत्यु का प्रमुख कारण बनता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए शासन-प्रशासन द्वारा निरंतर जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं, ताकि सड़क सुरक्षा को जन-आदत बनाया जा सके।

रैली में अपर कलेक्टर एवं बलरामपुर एसडीएम अभिषेक गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# सारगवा में छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत साइकिल वितरित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारगवा में विधायक प्रबोध् मिंज जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति मे निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया । इस अवसर पर स्वागत उदबोधन एवं विद्यालय प्रतिवेदन प्राचार्य संजीव कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्रीमती दिव्या सिंह ने कहा कि छात्राओं को सुविधा हेतु निःशुल्क सायकल प्रदान की जा रही है इसके उपयोग से वो विद्यालय मे नियमित उपास्थित हो कर मन लगाके पढ़ाई करें और अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करें इसके बाद विधायक प्रबोध मिंज द्वारा



बताया गया कि निःशुल्क सायकल वितरण की सुरुवात रमन सिंह द्वारा अपने प्रथम कार्यकाल मे 2004-05 मे किया गया था।कक्षा नवमी में अध्ययनरत बालिकाओं को उनके अध्यापन हेतु आवागमन को सुचारू बनाने के लिए साइकिल प्रदान किया जाता है। विधायक द्वारा छात्राओं को बताया गया कि आप मन लगाकर पढ़ाई करें यदि आपको किसी भी प्रकार कि समस्या आपके अध्यय्यन मे हो तो सरकार आपके लिए हमेशा तत्पर है हर प्रकार का सहयोग करने के लिए।आपका एकमात्र उद्येश्य अच्छे से पढ़ाई करके अच्छा मुकाम हासिल करना एवं समाज मे नेक इंसान बनना है। पढ़ाई ही एक मात्र ऐसा साधन है जिससे आप अपना अपने परिवार एवं समाज की दसा बदल सकते है।आपलोगो लोग पुस्तक सायकल एवं अन्य सभी सुविधा सरकार द्वारा इसी उद्देश्य से प्रदान की जा रही है।आप खूब मन लगाकर पढ़ाई करें।

# मुख्यमंत्री जिले में 654 करोड़ 42 लाख रुपए के 210 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मकर संक्रांति परब पर 14 जनवरी को तातापानी महोत्सव में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, शिलान्यास एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जिले में कुल 654 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की राशि के 210 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 330 करोड़ 96 लाख 21 हजार रुपए के 140 विकास कार्यों का लोकार्पण और 330 करोड़ 46 लाख 72 हजार रुपए के 70 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास शामिल है।

लोकार्पण के अंतर्गत 323 करोड़ 96 लाख 21 हजार रुपये के लागत राशि के 140 विकास कार्य शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग(भ/स) के 14 विकास कार्य लागत राशि 187 करोड़ 72 लाख 40 हजार रुपये, लोक निर्माण विभाग सेतु के 3 विकास कार्य लागत राशि 14 करोड़ 56 लाख 5 हजार रुपये, क्रेड़ा विभाग के 1 विकास कार्य लागत राशि 1 करोड़ 80 लाख 9 हजार रुपये तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत 63 विकास कार्य लागत राशि 119 करोड़ 87 लाख 67 हजार रुपये के कार्य शामिल हैं।

भूमिपूजन/शिलान्यास अंतर्गत 330 करोड़ 46 लाख 72 हजार रुपये की लागत राशि के 70 विकास कार्य शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग(भ/स) के 21 विकास कार्य लागत राशि 140 करोड़ 11 लाख 99 हजार रुपये, लोक निर्माण विभाग सेतु के 14 विकास कार्य लागत राशि 67 करोड़ 77 लाख 18 हजार रुपये, पीएमजीएसवाई के 19 विकास कार्य लागत राशि 81 करोड़ 46 लाख 08 हजार रुपये, क्रेडा विभाग के 01 विकास कार्य लागत राशि 1 करोड़ 86 लाख 26 हजार रुपये, नगर पालिका परिषद् बलरामपुर के 3 विकास कार्य लागत राशि 12 करोड़ 61 लाख 2 हजार रुपये, आदिवासी विकास विभाग के 2 विकास कार्य लागत राशि 26 करोड़ 64 लाख 1 हजार रुपये के कार्य शामिल हैं।

## अनियमितता पर नारायणपुर महिला महाविद्यालय के प्राचार्य सहित सहायक प्राध्यापक निलंबित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय, नारायणपुर के छह प्राध्यापकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।यह कार्यवाही पी.एम. उषा मद से आबंटित राशि के दुरुपयोग तथा शासन के निर्धारित वित्तीय नियमों का पालन नहीं करने के आरोपों के बाद की गई है। जारी आदेश के अनुसार सामग्री क्रय में गड़बड़ी, प्रक्रियागत अनियमितता एवं छत्तीसगढ़ वित्तीय नियम संहिता 2002 (संशोधित 2025) के उल्लंघन की पुष्टि प्रथम दृष्टया होने पर यह निर्णय लिया गया।इसके तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.योगेंद्र पटेल,सहायक प्राध्यापक श्री भूषण जय गोयल,श्री किशोर कुमार कोठारी,श्री हरीश चंद बैद एवं श्री नोहर राम के नाम शामिल हैं।निलंबन आदेश के तहत सभी संबंधित अधिकारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक, कार्यालय जगदलपुर (छ.ग.) निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस पूरे प्रकरण की विभागीय जांच पृथक से की जाएगी, जिससे दोषियों के विरुद्ध आगे कठोर कार्रवाई संभव हो सके।

## वनभोज के साथ बच्चों को दी गई विभिन्न पौधों की जानकारी, नर्सरी पिवरी में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर : शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला पिवरी के शिक्षकों एवं स्वयं सहायता समूह के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए वनभोज सह शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन नर्सरी पिवरी में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जहाँ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया, वहीं नर्सरी में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के पौधों का अवलोकन कर प्रकृति के प्रति जागरूकता भी प्राप्त की।कार्यक्रम के दौरान संस्था के शिक्षक अम्बिका प्रसाद साहू द्वारा बच्चों को नर्सरी में उपलब्ध पौधों का विस्तृत अवलोकन कराया गया। उन्होंने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पौधा एक जीवित प्राणी होता है, जो प्रकृति का अभिन्न अंग है। पौधे भूमि में उगते हैं तथा सूर्य के प्रकाश, जल एवं वायु की सहायता से स्वयं अपना भोजन बनाते हैं। उन्होंने बताया कि पौधे हमें ऑक्सीजन, भोजन, औषधीय सामग्री, लकड़ी एवं छाया प्रदान करते हैं, इसलिए उनका संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पिवरी की सरपंच विमला सिंह द्वारा सभी बच्चों को टॉफियाँ वितरित की गईं, जिन्हें पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे।बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता और उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर नर्सरी पिवरी के प्रबंधक का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने नर्सरी परिसर में वनभोज आयोजन की अनुमति प्रदान की और बच्चों को प्रकृति से जुड़ने का अवसर दिया। वनभोज कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक गुलाबचंद यादव, शिक्षक अनीता मिंज, मनोज उपाध्याय, अम्बिका प्रसाद साहू, कार्तिक यादव, राहुल दास निषाद, संस्था के समस्त स्टाफ, ग्राम पंचायत पिवरी की सरपंच विमला सिंह, पंचायत प्रतिनिधि वीर सिंह, स्वयं सहायता समूह के संचालक बीरबल राजवाड़े सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## धान खरीदी की वर्तमान व्यवस्था सराहनीय इससे किसान खुश:मनोरमा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। धान खरीदी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए किसान मनोरमा कहा कि वर्तमान व्यवस्था सराहनीय है और इससे किसान खुश हैं। उन्होंने कहा कि धान का सर्वाधिक दाम मिलने से किसानों की आय बढ़ रही है धान उपार्जन केन्द्रों में पारदर्शी एवं किसान हितैषी व्यवस्था से किसानों को धान विक्रय में राहत मिल रही है। सुव्यवस्थित व्यवस्था के कारण धान बेचने की प्रक्रिया अब सरल, सुगम और त्वरित हो गई है। अम्बिकापुर निवासी श्रीमती मनोरमा पाठक ने धान खरीदी व्यवस्था की सराहना करते हुए बताया कि उनकी खेती लगभग पांच एकड़ 20 डिसमिल भूमि में ग्राम सोहगा में है ।मनोरमा ने बताया कि इस वर्ष अत्यधिक बारिश के कारण उनकी कुछ फसल प्रभावित हुई, जिसके चलते उनके पास लगभग 22 क्विंटल धान ही विक्रय के लिए उपलब्ध हो सका। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र के माध्यम से उन्होंने आसानी से टोकन कटवाया, टोकन कटाने की प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू रही। धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। श्रीमती पाठक ने बताया कि करजी धान उपार्जन केन्द्र पहुंचते ही गेट पास की व्यवस्था, धान की नमी जांच तथा तत्काल बारदाना उपलब्ध करा दिया गया, जिससे धान विक्रय की प्रक्रिया बेहद सहज रही। समिति के केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल एवं छाया में बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है।

## शिक्षा के साथ संस्कार का होना आवश्यक-राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर ।स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रायपुर में युवाओं के उत्साह और राष्ट्रप्रेम का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर सुभाष स्टेडियम से स्वामी विवेकानंद सरोवर तक स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, स्वदेशी भावना और सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया।उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन नहीं बल्कि व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का माध्यम भी है ।मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार उसकी युवा शक्ति होती है। भारत आज आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और देश की जनसंख्या में युवाओं की बड़ी भागीदारी इसे विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाला दशक युवा शक्ति के परिश्रम, ऊर्जा और नवाचार से भारत को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प दौड़ को रवाना किया तथा उपस्थित युवाओं को स्वदेशी अपनाने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में धरसीवां विधायक श्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, निजी विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष श्री विजय कुमार गोयल, सचिव उच्च शिक्षा विभाग डॉ.एस. भारतीदासन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## रेरा की कार्रवाई: बिना पंजीकरण प्लॉट बेचने वाले दो भूमि स्वामियों पर 5 लाख का अर्थदंड

रायपुर । छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (उऋफएफअ) ने रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के उल्लंघन पर कठोर कदम उठाते हुए रायपुर के दो भूमि स्वामियों गोवर्धन और रामानुज पर 5 लाख रुपये का आर्थिक दंड अधिरोपित किया है। प्राधिकरण के संज्ञान में यह मामला आया कि दोनों भूमि स्वामी ओम फार्म, लखोली रेलवे स्टेशन नाम से प्लॉट विकसित कर बिना वैध फएफअ पंजीकरण के विज्ञापन, प्रचार-प्रसार और विक्रय का कार्य कर रहे थे। यह गतिविधि अधिनियम की धारा 3 का स्पष्ट उल्लंघन है।

## चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों पर लगा जुर्माना...

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर और रायपुर नगर पालिक निगम की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में पतंग दुकानों पर औचक छापेमारी की।इस कार्रवाई के तहत नगर निगम जोन-1 क्षेत्र अंतर्गत गुढियारी स्थित प्रयास हॉस्टल के पास दो पतंग दुकानों में दबिश दी गई। जांच के दौरान दुकानदार प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचते हुए पाए गए। मौके पर ही मांझा जब्त कर दोनों दुकानदारों पर कुल 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया, जिसमें प्रत्येक पर 5-5 हजार रुपये का दंड शामिल है। यह कार्रवाई वार्ड पार्षद सोहन साहू और जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमराज देवागन की उपस्थिति में पुलिस बल के साथ की गई। इसी तरह नगर निगम जोन-5 क्षेत्र में घासीदास प्लाजा, आमापारा मार्ग पर सड़क किनारे लगाई गई पतंग दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया गया। यहां से भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया गया। साथ ही अव्यवस्थित ढंग से लगी दुकानों को तत्काल हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान जोन-5 के उप अभियंता टिकेन्द्र चंद्राकर उपस्थित रहे। प्रशासन ने बताया कि संक्रांति पर्व के दौरान पतंगबाजी के चलते चाइनीज मांझा के उपयोग से गंभीर हादसों और पक्षियों को नुकसान की आशंका रहती है। इसी को देखते हुए पहले भी बुढ़ापारा और गोलबाजार क्षेत्र में कार्रवाई कर साढ़े चार किलो चाइनीज मांझा जब्त किया जा चुका है।

## पति निकला 'डबल इंजन' की सरकार: मायके में पत्नी देखती रही राह, पति ने दूसरी बीवी संग रचा लिया ब्याह

संवाददाता

हरदोई। धन्य है हरदोई की धरती और धन्य हैं यहाँ के वो 'रंगीन मिजाज' पति, जो एक पत्नी के रहते हुए भी दूसरी शादी को 'अपडेट' की तरह समझते हैं। मामला कछौना थाना क्षेत्र का है, जहाँ रामजी नामक एक व्यक्ति ने अपनी पहली पत्नी राम जानकी को ऐसा 'सरप्राइज' दिया है कि बेचारी का न्याय व्यवस्था से भरोसा ही उठ गया। राम जानकी को लगा था कि पतिदेव दहेज की डिमांड पूरी न होने पर बस थोड़ा नाराज हैं, शायद कभी मन बदलेगा और वो विदा कराने आएंगे। उधर रामजी ने सोचा कि 'पुराने खाते' में केस चल रहा है, तो क्यों न एक 'नया खाता' खोल लिया जाए। उन्होंने बिना तलाक लिए अंजू नाम की महिला के साथ सात फेरे ले लिए। डिजिटल इंडिया के दौर में रामजी ने इस रिश्ते को इतनी गोपनीयता से चलाया कि पहली पत्नी को भनक तक नहीं लगी। मामला तब खुला जब रामजी के 'नए प्रोजेक्ट' का नतीजा दुनिया के सामने आया। 27 जुलाई 2025 को जब अस्पताल में बच्चे की किलकारी गूँजी, तब जाकर पहली पत्नी को पता चला कि उनके पति ने तो 'बाय वन गेट वन फ्री' वाला ऑफर खुद ही लागू कर लिया है ।अब पीड़िता थाने और एसपी ऑफिस के चक्कर काट रही है, जबकि रामजी शायद तीसरी शादी के मुहूर्त ढूँढ रहे होंगे। कछौना पुलिस को भी सलाम, जो शायद इस इंतजार में थी कि जब तक मामला 'ट्रिपल' न हो जाए, तब तक एफआईआर की पेन क्यों घिसी जाए फिलहाल, एसपी साहब के दरबार में अर्जी लगी है। देखना यह है कि कानून इस 'डबल इंजन' वाले पति की रफ्तार पर कब ब्रेक लगाता है।

## शिविर के पांचवे दिन हजारों की संख्या में पहुंचे भक्त और मरीज

संवाददाता



हमीरपुर ।शहर के चौरा देवी प्रांगण में आयोजित नव दिवसीय आध्यात्मिक शिवचर्चा-दिव्य त्रिकालदर्शी दरबार के साथ काले कंबल वाले बाबा के रोगी राहत शिविर के पांचवें दिन शनिवार को हजारों की संख्या में पहुंचे गंभीर बीमारी से ग्रसित रोगियों का बाबा ने उपचार किया ।शिविर के पंचम दिवस झारखण्ड के पूर्वग्रामीण विकास मंत्री के. एन त्रिपाठी व भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद कार्यकताओं के साथ पहुंची जहाँ उन्होंने दिव्य दरबार और बाबा के दर्शन किए। सिद्धेश्वर महादेव धाम झलोखर के तत्वावधान में माँ चौरा देवी प्रांगण पर महाकुंभ के अंतर्गत रसिक इंटरनेशनल सांस्कृतिक मंडल बुंदेलखंड के निर्देशन में तृतीय चरण एवं पंचम दिवस शनिवार को बुंदेलखंड की लोकप्रिय कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक तेजस्विनी महाराज ने शिव कथा का वर्णन किया जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए ।वहीं दरबार में गुजरात की धरती से विराजमान काले कंबल वाले बाबा का रोगी राहत शिविर लगा। जिसमें शनिवार को पांच हजार से अधिक संख्या में लकवा, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और दिव्यांगता सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों का बाबा ने कंबल उठाकर उपचार किया ।शिविर में बाबा ने लकवा जैसी कई बीमारी से ग्रसित कई बच्चों और बुजुर्गों को चलाकर दिखाया ।शिविर में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रसित ऋतुराज सोनी और उनके परिजन तीसरे दिन भी शिविर पहुंचे जहाँ उन्हें कुछ प्रतिशत लाभ दिखाई दिया है। वहीं काले कंबल वाले बाबा नाम से विख्यात गुजरात प्रांत निवासी गणेश यादव ने बताया कि मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नामक बीमारी जिसको लेकर देश विदेश के डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए है उसको भी वह 15 से 16 शिविर में अर्जी लगाने पर ठीक कर सकतें है ।वहीं शनिवार को काले कंबल वाले बाबा के दिव्य दर्शन को लेकर झारखण्ड प्रांत के पूर्वग्रामीण विकास मंत्री के. एन त्रिपाठी और भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद अपने कार्यकताओं के साथ पहुंची। शनिवार को बाबा के शिविर सूचना मिलने पर कानपुर, बाँदा,महोबा, लखनऊ, बिहार, जयपुर,चेन्नई, राजस्थान, हरियाणा सहित कई प्रदेश के 5हजार से अधिक मरीजों और तिमारदारों ने पहुंचकर अपने अपने रोगों से अवगत कराकर उसका निवारण करने का सलिका सीखा और उपचार कराया।

## उमरौली गौशाला बना बेजुबान पशुओं की मौत का अखाड़ा

### पशुओं की वास्तविक संख्या कम,वा कागजों में अधिक संख्या दिखाकर सरकारी धन का भुगतान लिया जा रहा

संवाददाता

शाहाबाद, हरदोई। विकास खंड टोंडरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरौली गांव में संचालित गौशाला इन दिनों अव्यवस्थाओं और लापरवाही का शिकार बनी हुई है। संरक्षण के नाम पर बनाई गई यह गौशाला अब बेजुबान पशुओं की मौत का अखाड़ा बनती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार गौशाला में न तो पशुओं के लिए समुचित चारे की व्यवस्था है क और न ही साफ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि गौशाला में पशुओं की वास्तविक संख्या कम है, लेकिन कागजों में अधिक संख्या दिखाकर सरकारी धन का भुगतान लिया जा रहा है। कुपोषण और बीमारियों के चलते कई पशुओं की मौत हो चुकी है, वहीं कुछ पशु गंभीर हालत में तड़प रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है क कि जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण नहीं करते और शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। गौशाला प्रबंधन की लापरवाही के कारण पशुओं को भूख, प्यास और बीमारी के बीच दम तोड़ना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में बेजुबान पशुओं के साथ हो रहे इस अमानवीय व्यवहार पर रोक लगाई जा सके। जबकि इस संबन्ध में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विश्वास सिंह ने कि बीते पिछले माह में 62 पशुओं का भुगतान किया गया है क जबकि ग्रामीणों द्वारा बताया गया मौके पर लगभग 35 पशुओं की संख्या है क वह भी एक-एक कर तड़प तड़प कर मरने पर विवश है क

## महिला ने सुसंगत धाराओं में दर्ज कराया मुकदमा

हसनगंज, उन्नाव। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद युवक सहित एक अज्ञात युवक के खिलाफ मारपीट गाली गलौज सहित एससी एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मटेरिया गांव निवाशी ज्योती ने प्रार्थना पत्र देकर बताया 6 जनवरी की रात 8 बजे मेरे पति दयाराम फल का ठेला लगाए थे उसी समय गांव के ही गुल्ले, पिंटू व एक अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आकर गाली गलौज करने हुए मार पीट करने लगे। और जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर दो नाम जद सहित एक अज्ञात युवक के खिलाफ मारपीट गाली गलौज एससी एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में र्निवाचक रजिस्ट्रीकरण व ट्रेनिंग संपन्न

पुरवा, उन्नाव।उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण व अतिरिक्त अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक कर ट्रेनिंग की गयी !प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में रजिस्ट्री करण अधिकारियों की कुल संख्या 28 लोग हैं जिनमें कुछ अधिकारी अनुपस्थित भी रहे इनका विवरण अनुपस्थित लोगों का नीचे दिया गया है बताते चलें कि विधान सभा क्षेत्र 167 पुरवा में लगभग 43000 हजार मतदाताओं को नोटिस जारी होनी है तथा उनके अभिलेख मागें जाने है इसी आधार वोटर लिस्ट फाईनल होगा वही र्निवाचन आयोग के टाइम टेबल के अनुसार 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक सुनवाई होगी बैठक में मंडी सचिव पुरवा, उपनिबंधकपुरवा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, एसडीओ विद्युत मौरावां, एसडीओ विद्युत पुरवा आदि अनुपस्थित पाये गये बैठक में खण्ड विकास अधिकारी सन्तोष श्रीवास्तव पुरवा व तहसील क्षेत्र के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के अलावा तहसीलदार मनीष द्विवेदी व नायब तहसील सहित सभी तहसील के कर्मचारीयों व विद्यालयों के प्रधानाचार्यो समेत सभी पशु चिकित्सक आदि उपस्थित रहे !

## धूप खिलने से फसलों को कीट पतंगों से मिलेगी राहत

संवाददाता

भरुआ, सुमेरपुर। पिछले 20 दिन से बगैर बरसात के पड़ रहे कोहरे के चलते दलहनी एवं तिलहनी फसलों में पैदा हुए कीट पतंगों की धूप खिलते ही खत्म होने की संभावना बनने लगी है। गत 20 दिनों से पूरा क्षेत्र भीषण कोहरे एवं सर्दी की चपेट में रहा है। बगैर बरसात के लगातार कोहरा पड़ने तथा धूप गायब रहने से सरसों, मटर, मसूर, चना, अरहर आदि की फसलों में माहू, एवं सूंड़ी का प्रकोप बढ़ गया था। इससे किसान परेशान हो उठा था। लेकिन पिछले दो दिनों से धूप खिलने से किसानों ने राहत महसूस की है। किसान राधेश्याम सिंह, चंद्रभान कुशवाहा, रामखेलावन, रमेश कुमार, महेश लखेरा, प्रदीप गुप्ता, घसीटा गुप्ता सुरेश गुप्ता आदि ने बताया कि लगातार पड़ रहे कोहरे से फसलों में विपरीत असर पड़ रहा था। धूप गायब होने से कीट पतंगों की संख्या में इजाफा होने लगा था, लेकिन अब धूप खिलने से इनकी बढ़ोतरी में विराम लगेगा और पछुआ हवा एवं धूप पाकर फसलों में सुधार होगा। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने बताया कि किसान फसलों को कीट पतंग से बचने के लिए डाईमिथियोट दो एमएल प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर छिड़काव करें। फसलों में कीट पतंग का प्रकोप खत्म हो जाएगा।

## विधुत विभाग ने कैम्प लागाकर बकाया राजस्व जमा कराया

संवाददाता

खड़ेही लोधन( हमीरपुर ) मसगांव गांव में बिजली विभाग ने कैंप लगकर वसूली अभियान में लगभग अस्सी हजार रुपये बकाया बिल का राजस्व जमा कराया गया ।आयोजित कैंप में 35 बड़े बकाएदारो के कनेक्शन भी काटे गए। इमिलिया बिजली पावर हाउस के अंतर्गत मसगांव गांव में दिलीप शुक्ला के आवास के पास इमिलिया पावर हाउस के अवर अभियंता अवधेश कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम में अरविन्द्र सोनी, रितिक दिवेदी, योगेंद्र व हर्ष के द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमे सरकार द्वारा चलाये जा रहे बिजली राहत योजना के तहत 25 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया और वही लगभग 35 बड़े बकाएदारो के द्वारा बिल न जमा किये जाने पर उनके कनेक्शन काटे गए तथा एक दर्जन से अधिकउपभोक्ताओं की समस्याओ का निस्तारण करते हुए लगभग अस्सी हजार रुपये बकाया जमा कराया गया।

## सरीला क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड कर लाखों कीमत का समान पार किया

संवाददाता

सरीला, हमीरपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के छेड़ी बेनी गाँव में अज्ञात चोरों ने बीती रात एक घर का ताला तोड़कर लाखों की कीमत के आभूषण से भरा बक्सा उठा कर ले गए और गहने निकालने के बाद तालाब की सीढ़ियों में पत्थर से दबा कर भाग गये। मामले की जानकारी परिजन को सुबह हुई। बक्सा में रखे सोने-चांदी के जेवरात व एक हजार की नगदी गायब थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी पुलिस को दी है क्षेत्र के छेड़ी बेनी गाँव निवासी संदीप पुत्र मलखान ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शुक्रवार रात में घर के लोग खाना खा कर सो गए थे। शनिवार सुबह जब जागे तो देखा कि घर के कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जा कर देखा तो बक्सा गायब था। चोरी की खबर लगते ही गाँव में हड़कंप मच गया। पीड़ित के घर भीड़ जमा हो गई। इसी बीच तालाब किनारे खेल रहे बच्चों की नजर तालाब की सीढ़ियों में पत्थर के नीचे दबे बक्शे पर पड़ी। बच्चों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों एवं पीड़ित के परिजनों को दी। परिजनों ने तालाब पर जाकर बक्शे को देखा तो उसमें रखे लाखों की कीमत के सोने चांदी के गहने व नगदी गायब मिले चोरी गए गहनों में सोने के ब्रजबाला, अंगूठी, नाक की बेसर, बेंदी, चूड़ियां, चांदी की तोड़िया, पायल, मीना, हाफपेटी, बिछुवा व एक हजार रुपये नगद गायब थे। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी और प्रार्थना पत्र देकर जाँच कर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष जलालपुर अजीत सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## एस आई आर की वोटरलिस्ट की समीक्षा करती विधायक राठ


संवाददाता

खड़ेही लोधन (हमीरपुर)एस आई आर की वोटर लिस्ट को शुद्ध व सही अपडेट करने के लिए ए.एस.डी.सूची की राठ विधायक मनीषा अनुरागी कस्बा मुस्करा के ब्लाक परिसर में बूथ अध्यक्ष व बूथ प्रभारी के साथ की समीक्षा बैठक की मुस्करा ब्लाक परिसर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने बैठक कर 6 जनवरी को प्रकाशित सूची का वाचन किया व वोटर लिस्ट से जिनके नाम कटे हैं उनकी भी समीक्षा की राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने शक्तिकेन्द्र1व शक्तिकेन्द्र 2 के संयोजक बूथ अध्यक्ष व बीएलए 2 के साथ ए.एस.डी सूची का वृहद मंथन किया किया गया जिन जगहों पर अभी भी अनुपस्थिति वोटर हैं उनके लिए कार्यकताओं को लगने के लिए कहा हर बूथ में फार्म 6,7,8 भरकर 150 नए वोटर बनाने का लक्ष्य भी दिया मुस्करा में पहले 10 बूथ थे जो बढ़कर 11 हो गए हैं इस बैठक में ब्लॉक प्रमुख मुस्करा वीरनारायण राजपूत, शक्ति चौरसिया मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि करन सिंह राजपूत, विधानसभा संयोजक एस आई आर अभिषेक तिवारी, सुनील अग्रवाल, अशोक शिवहरे, प्रेमसागर पाल, कुबेर राजपूत, भूपेंद्र राजपूत, अमित शिवहरे, प्रमोद अग्रवाल, निश्चल दीक्षित, संदीप विश्वकर्मा सहित सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# अमेरिका ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतरा

भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर बिलबिला रहा अमेरिका अब ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतर आया है। अमेरिका लगातार भारत को लेकर गलत बयानबाजी कर रहा है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाना किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी बयानबाजियों से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। हालांकि भारत लगातार संयमित तरीके से जवाब दे रहा है। अब अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ ट्रेड डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है, बल्कि इसका कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना है। इस मामले से जुड़े जानकार इसे ट्रम्प के 'ईगो' से जोड़कर देख रहे हैं। वह मान रहे हैं कि ट्रम्प निजी तौर पर कॉल की उम्मीद कर रहे थे, जो भारतीय प्रधानमंत्री ने नहीं की। उधर, भारत ने अमेरिकी मंत्री के बयान को झूठा और गलत बताते हुए इसका कड़ा जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट ट्रम्प 2025 में 8 बार फोन पर बात कर चुके हैं। 'भारत और अमेरिका 13 फरवरी 2025 से बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहे हैं। कई राउंड नेगोशिएशन हो चुके हैं और कई बार हम डील के करीब पहुंचे हैं। भारत बेनिफिशियल ट्रेड डील पर आगे बढ़ना चाहता है। मोदी-ट्रम्प की 8 बार बातचीत से साफ है कि लीडरशिप लेवल पर वार्ता जारी है। ट्रंप ने लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है, लेकिन भारत ने अपने रुख पर कायम रहते हुए अमेरिका को जवाब दिया है। अमेरिका के इस कदम को कई विश्लेषकों ने दबाव की कूटनीति करार दिया है। उनका मानना है कि ट्रंप भारत को रूस और ईरान से दूरी बनाने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भी भारत ने कहा कि 'एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर है। हम ग्लोबल मार्केट के बदलते डायनामिक्स और अपने 1.4 अरब भारतीय लोगों की एनर्जी सिक्योरिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग सोर्स से सस्ती एनर्जी हासिल करने की जरूरत से गाइड होते हैं। भारत की ऊर्जा नीति किसी दबाव में नहीं बदलेगी। हमारा ध्यान इस बात पर है कि भारत के लोगों को सस्ती ऊर्जा मुहैया कराई जाए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए दुनियाभर के बाजारों पर नजर बनाए हुए है। जहां से सस्ती चीजें मिलेंगी, हम उन पर काम करते रहेंगे'। भारत ने साफ कहा कि टैरिफ के मसले पर हम अपने हितों के साथ कतई समझौता नहीं करेंगे। अमेरिका चाहता है कि ट्रेड डील उसकी शर्तों पर हो, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। बता दें कि लुटनिक के बयान को अमेरिका का दबाव बनाने का तरीका माना जा रहा है। अमेरिका भारत को रूस और चीन से दूरी बनाने के लिए मजबूर करना चाहता है। ट्रेड डील का मामला राजनीति में उलझ गया है। अमेरिका अपने हितों को प्राथमिकता देना चाहता है, जबकि भारत अपने हितों को बचाना चाहता है। भारत ने अमेरिका के दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह अपने हितों के अनुसार निर्णय लेगा। ट्रेड डील का मामला वैश्विक व्यापार को भी प्रभावित कर सकता है। अगर अमेरिका और भारत के बीच डील नहीं होती है तो इसका असर अन्य देशों पर भी पड़ सकता है।



एसआईआर
शशिधर खान

# बंगाल में बढ़ती राजनीतिक तकरार

**चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाने के कारण बढ़ी है। इसमें मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।**

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव करीब आ रहा है, लगभग सीधी टकराव की नौबत आती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (दीदी) समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। बिहार में भी चुनाव आयोग ने वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और सहयोगी कांग्रेस वाम दलों के एसआईआर विरोध के बीच गत वर्ष कराया। कोर्ट में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई और मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया मतदान शुरू होने के समय तक टलती रही। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू) और भाजपा गठजोड़ को भारी ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद राजद-कांग्रेस का चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप वहीं सीमित रह गया ।

अभी वही स्थिति पश्चिम बंगाल और केरल में पैदा हो गई है। इस वर्ष अप्रैल-मई में पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, जिनमें इन दोनों विधान सभाओं के अलावा असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी भी हैं लेकिन एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा से तनातनी में पहले नंबर पर पश्चिम बंगाल है। दूसरे नंबर पर केरल है। इन दोनों राज्यों में भी एसआईआर बिहार की तरह जून, 2025 में शुरू होने के समय से ही विवादित है। केंद्र में तो भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठजोड़ सरकार है ही, पश्चिम बंगाल विधान सभा में भाजपा मुख्य विपक्षी दल है। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के कारण बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) दोहरी मार झेल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में यह राजनीतिक विवाद अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है कि आए दिन राज्य सरकार, तृणमूल कांग्रेस नेता और चुनाव आयोग एक-दूसरे को चुनौती देने वाला बयान आए दिन जारी कर रहे हैं। 3 जनवरी को एसआईआर विवाद उस समय गहरा गया, जब चुनाव आयोग ने पांच चुनाव कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इन कर्मियों को निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान गणना पत्र वितरण और उसे इकट्ठा करने में कथित अनियमितता का दोषी पाया है। यह तब हुआ जब 31 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात हुई । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बातचीत का माहौल अच्छा नहीं था। मुलाकात के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारी, मतदाता सूची अधिकारी, पर्यवेक्षक समेत एसआईआर के काम में लगे किसी भी कर्मचारी को राजनीतिक प्रतिनिधियों द्वारा डराया/धमकाया जाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 04 नवंबर से बंगाल



में एसआईआर प्रक्रिया शुरू हुई और उस महीने भी तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला था। उस वक्त अन्य राज्यों से भी बीएलओ की आत्महत्या, मौतों की खबरें आ रही थी और हर जगह काम का अत्यधिक दबाव कारण बताया गया। सुप्रीम कोर्ट के कहने पर चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण, मसौदा सूची और अंतिम मतदाता सूची की डेडलाइन तारीखें बढ़ाई लेकिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं को सीइसी ने नवंबर में बीएलओ पर दबाव का कारण दूसरा बताया। सीइसी के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं और खासकर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ तथा अन्य एसआईआर कर्मियों को धमकी दी कि मृत मतदाताओं, अन्यत्र चले गए और एक से ज्यादा जगहों पर नाम दर्ज मतदाताओं का नाम सूची से हटाने की अनुशंसा न भेजें। उस सिलसिले में चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्देश दिया था कि बीएलओ लोगों को पार्टी कार्यकर्ताओं से सुरक्षा प्रदान करें। चुनाव आयोग के एक अधिकारी के अनुसार चुनाव आयोग ने बूथ स्तरीय अधिकारियों के लिए बढ़ाए गए मानदेय की राशि तत्काल मुहैया कराने के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार से आग्रह किया। उसके जवाब में टीएमसी सूत्रों ने चुनाव आयोग से कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री को राज्य का रोका गया 2 लाख करोड़ फंड जारी करने के लिए सीइसी ज्ञानेश कुमार को लिखना चाहिए।

चुनाव आयोग ने कथित लापरवाही के दोषी पांच बीएलओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया, उस दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा। चुनाव आयोग को लिखा गया दीदी का यह तीसरा पत्र है । मुख्यमंत्री ने आयोग को लिखा कि या तो मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर चल रहे झमेले को दूर करें या पश्चिम बंगाल में इसे रोकें। पत्र में दीदी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से एसआईआर प्रक्रिया में लाखों लोगों को पहले वोट डालने के संवैधानिक अधिकार से वंचित किया गया और फिर आपत्तियों/दावे प्रस्तुत करने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। सागर दीप में एक जनसभा में दीदी ने चुनाव आयोग को धमकी दी कि मतदाताओं को परेशान करना अगर बंद नहीं हुआ तो वे चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी। शीर्ष कोर्ट में पहले से ही एसआईआर पर सुनवाई चल रही है और चीफ जस्टिस सूर्यकान्त ने नए वर्ष के दिन कहा कि ऐसे संवैधानिक मामले निबटाने में तेजी लाने के लिए ज्यादा पीठों का गठन उनकी प्राथमिकता है। गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग का फोकस बांग्लादेशी घुसपैठिया पर है, जिनमें मुसलमान ज्यादा हैं । जहां तक बांग्लादेशी हिंदू समुदाय की नागरिकता का सवाल है, दीदी ने दोनों को मतुआ समुदाय की हालत की ओर ध्यान दिलाया।

उत्तरी 24 परगना और नादिया जिले के 15 चुनाव क्षेत्रों में मतुआ समुदाय की आबादी है, जो बांग्लादेश से आकर बसे हैं । एसआईआर प्रक्रिया के दौरान इनका भविष्य अधर में लटका है। चुनाव आयोग ने इनकी नागरिकता और मतदाता सूची से नाम हटाने का मामला लटकाकर रखा है। पश्चिम बंगाल में विवाद ज्यादा तूल पकड़ने का असली कारण दो है। पहला, 16 दिसंबर को प्रकाशित एसआईआर मसौदा सूची से कटे 58 लाख नाम में से सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भवानीपुर विधान सभा सीट प्रभावित हुई। दूसरा, काटे गए नाम में से पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, जो दीदी की पार्टी को अन्य की अपेक्षा ज्यादा पसंद करती हैं। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि मुसलमान महिला वोटरों को चुनाव आयोग ने बांग्लादेशी घुसपैठिया करार दिया।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## विश्व हिंदी दिवस
डॉ. एस.डी. वैष्णव



# वैश्विक परिदृश्य में बढ़ता हिंदी का मान

विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य विदेशो में हिंदी के प्रचार-प्रसार और लोगों में हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना और हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना है। इस दिन विदेशों में भारतीय दूतावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 1975 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के सहयोग से नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया। साल 2006 में पहले विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगांठ के दौरान इस दिन को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी, तब से विश्वभर के कई देशों और खास करके भारतीय दूतावासों में साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विश्व हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

पिछले दो दशकों में वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रभाव बढ़ा है। हिंदी आज दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा लोकप्रिय भाषा बन गई है। भारत की आर्थिक वृद्धि और तकनीकी विकास ने हिंदी को एक वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर में रह रहे भारतीय समुदाय हिंदी को एक संपर्क भाषा के रूप में काम में ले रहे हैं, जिससे हिंदी का वैश्विक दायरा बढ़ा है। अमेरिका और यूरोप के कई देशों में हिंदी ने अपना वर्चस्व बढ़ाया है। मॉरीशस, सूरीनाम, फ़िजी, इंडोनेशिया, जापान, रूस आदि देशों में हिंदी और हिंदी सिनेमा के प्रभाव से भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण बनी हुई है। हिंदी सिनेमा के वैश्विक प्रभाव ने निःसंदेह रूप से भारतीय संस्कृति की गौरव गाथा को विश्व समुदाय के बीच जीवंत किया है। हिंदी अब सिर्फ भारत की भाषा नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद का एक माध्यम बन चुकी हैं, जिसने विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति एवं विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। हिंदी का प्रवासी देशों में व्यापक प्रभाव बढ़ा है। आज विश्वभर के कई देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है और वहां का पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध है। विदेशी विद्यार्थी हिंदी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह एक भाषा और संस्कृति की व्यापकता को दर्शाता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का विदेशों में जितना प्रचार-प्रसार हिंदी के माध्यम से हुआ, वह अन्य भाषा में संभव नहीं था। यह हिंदी के लिए गौरव का विषय है। मॉरीशस के हिंदी कवि बृजेंद्र कुमार भगत की कविता में हिंदी के प्रति आत्मिक अभिव्यक्ति कुछ इस तरह मुखरित होती हैं-

*"हिंदी गई रसातल में, तो गई हमारी आशा*
*संस्कृति सिसक-सिसक रोएगी, धर्म मरेगा प्यासा*
*हिंदी को कुचलेगी प्यारे गौरांगों की भाषा*
*राम, कृष्ण, गौतम, गांधी की सीख सदा अपनाएं*
*दुनिया के कोने-कोने में हिंदी सुमन खिलाएं*
*जय-जय-जय हिंदी के नारे विश्व सकल गुंजाएं।"*

विदेशों में हिंदी बोलना ही नहीं, बल्कि साहित्य दृष्टि से भी अध्ययन, अनुवाद और अनुसंधान बढ़ा है। विदेशों में कई संस्थान और प्लेटफॉर्म हिंदी सिखा रहे हैं। भारतीय संस्कृति, वैभव और आध्यात्मिक उन्नति ने विश्व परिदृश्य में हिंदी की प्रासंगिकता को और मजबूत किया है। जब पूरा विश्व भारत के साथ संबंध बनाने को उत्सुक है, ऐसे में भारत सरकार हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेशी यात्राओं में लगातार भारतीय समुदाय के साथ हिंदी में संवाद करते रहे हैं। विदेशों में हिंदी की स्थिति को और ज्यादा सुदृढ़ करने से पूर्व देश में हिंदी भाषा की जड़ें गहरे तक जमानी होंगी। हिंदी भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र का गौरव भी है। निःसंदेह रूप से वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की पहचान बनी है, लेकिन उसके प्रयोजनमूलक स्वरूप तथा उसकी स्वीकार्यता के लिए अधिक परिश्रम करना होगा, क्योंकि हिंदी राष्ट्र चेतना का प्रतीक और विश्व समन्वय की भाषा है। एक भाषा दूसरी भाषा को रचती है, लेकिन जो प्रश्न सालों से विश्व हिंदी दिवस के बहाने और उसके आस-पास उठते रहे हैं, उन पर चिंतन करने की भी आवश्यकता है।

हिंदी भाषा जो कभी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रही, वह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राजभाषा बन गई और राजभाषा अधिनियम के बाद मात्र संपर्क भाषा के रूप में पहचानी जाने लगी। आज तक हम इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिला पाए। हिंदी लोकतंत्र की भाषा है, लेकिन अंग्रेज भारत से जाते समय जो व्यवस्था पीछे छोड़ कर गए, हम उसी में उलझ कर रह गए। विश्व हिंदी दिवस के बहाने ही सही, एक साथ हम इस दिशा में आगे बढ़ें और वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ, हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
**दर्शन**

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम् यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

**माइक्रो रोबोट ने लिखी सफलता की गाथा**

नमक के एक दाने से भी छोटे माइक्रो रोबोट का विचार आज विज्ञान कथा नहीं रहा, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में आकार ले चुकी एक ठोस वास्तविकता बन चुका है, जहां नैनोमीटर स्तर की इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा-संचयन की नई तकनीकें मिलकर ऐसे यंत्र रच रही हैं जो अपनी सूक्ष्म काया के बावजूद निर्णय लेने, प्रतिक्रिया देने और लक्ष्य के अनुसार काम करने की क्षमता रखते हैं। यह माइक्रो रोबोट न केवल आकार में क्रांतिकारी है बल्कि सोच की दिशा में भी एक नया अध्याय खोलता है क्योंकि इसके भीतर समाहित अल्ट्रा-मिनी कंप्यूटर और संवेदनशील सेंसर इसे आसपास के वातावरण को समझने और उसी के अनुरूप व्यवहार करने में सक्षम बनाते हैं। - **विवेक भगत**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### बंगाल में कमल खिलेगा



राजनीतिक अहंकार के कारण किसी भी नागरिक को प्रधानमंत्री-जय योजना के लाभों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बंगाल का इंतजार लगभग खत्म हो गया है। कमल खिलेगा और प्रधानमंत्री-जय योजना जल्द ही हर घर तक पहुंचेगी।
**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### प्रवासी भारतीय दिवस



विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पहचान को गौरव के साथ स्थापित करने वाले समस्त प्रवासी भारतीय भाई-बहनों को प्रवासी भारतीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सभी अपने ज्ञान, अनुभव और सामर्थ्य से भारत के समावेशी, सतत और सर्वांगीण विकास में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें।
**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### राजकीय उत्सव



कोनासीमा के लोगों (जिन्होंने पीढ़ियों से इस परंपरा को संरक्षित रखा है) की भक्ति और आस्था का सम्मान करते हुए मंत्रिमंडल ने जगन्ना थोता प्रभाला तीर्थम को राजकीय उत्सव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है।"
**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### महिला सुरक्षा




मेरठ में दलित माँ की हुई हत्या तथा बेटी के अपहरण की घटना दुखद, शर्मनाक एवं चिन्तनीय। महिलाओं की इज्जत-आबरू से खिलवाड़ और फिर हत्या आदि की घटनाओं को सरकार तत्काल सख्त कार्रवाई करे।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**



## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष यात्री बीमार, नासा ने मिशन अवधि छोटी की




अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जारी अपने मिशन की अवधि को छोटा कर दिया है। नासा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका-जापान-रूस का चार सदस्यीय दल पूर्वनियोजित समय से पहले ही कुछ दिनों में धरती पर लौट आएगा। एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण नासा ने इस वर्ष का अपना पहला 'स्पेसवॉक' रद्द कर दिया। अंतरिक्ष एजेंसी ने गोपनीयता का हवाला देते हुए अंतरिक्ष यात्री या उसकी स्वास्थ्य समस्या का खुलासा नहीं किया। हालांकि उसने कहा कि अब चालक दल के सदस्य की हालत स्थिर है। नासा के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेम्स पोल्क ने कहा कि नासा के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कोई आपातकालीन स्थिति नहीं थी, लेकिन वे ''चालक दल के सदस्य की सुरक्षा के लिए एहतियात बरत रहे हैं।'' पोल्क ने कहा कि यह अंतरिक्ष स्टेशन से नासा का पहला चिकित्सीय निकासी अभियान है। चार सदस्यीय दल अगस्त में 'स्पेसएक्स' के माध्यम से कक्षा की परिक्रमा कर रही प्रयोगशाला में पहुंचा था जिन्हें कम से कम छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था।

## ऑफ बीट

# तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत



भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।



# शाह ने श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना

## केंद्रीय मंत्री के दौरे के दौरान मंदिर और उसके परिसर में प्रतिबंध लगाये गये थे, कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां स्थित प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और कहा कि उनका यह दौरा तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा के महापौर पद पर जीत हासिल करने के लिए आभार व्यक्त करने के वास्ते था। शाह एक दिवसीय दौरे पर केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचे और उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और जिला अध्यक्ष करमना जायन के साथ आज सुबह मंदिर में दर्शन किए। पारंपरिक धोती और कसवु (रेशमी) शॉल पहने शाह का मंदिर के अधिकारियों और त्रावणकोर शाही परिवार के सदस्य आदित्य वर्मा ने मंदिर में स्वागत किया।

दौरे के बाद मंदिर के अधिकारियों ने उन्हें उपहार भेंट किए, जिनमें भगवान श्री पद्मनाभ को समर्पित एक औपचारिक चित्रित धनुष ओनाविल्लू भी शामिल था। केंद्रीय मंत्री के दौरे के दौरान मंदिर और उसके परिसर में प्रतिबंध लगाए गए थे और कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। शाह की सदियों पुराने इस मंदिर की यात्रा 14 जनवरी को होने वाले लक्षदीपम अनुष्ठान से पहले हुई है, जो मंदिर में हर छह साल में एक बार आयोजित होने वाला एक शुभ अनुष्ठान है, जिसके दौरान हजारों तेल के दीपक जलाए जाते हैं। बाद में नव निर्वाचित



भाजपा पार्षदों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वह केरल में श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में धन्यवाद अर्पित करने आए हैं और तिरुवनंतपुरम नगर निगम में पार्टी के महापौर का पद जीतने पर यहां वापस आने के अपने वादे को पूरा कर रहे हैं।

**केरल की जनता बताए कि क्या एसडीपीआई और जमात-ए इस्लामी से राज्य सुरक्षित होगा : शाह**

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि केरल में कानून-व्यवस्था की स्थिति फिलहाल शांत दिख सकती है, लेकिन कई खतरे धीरे-धीरे उभर रहे हैं जो भविष्य में खतरनाक रूप ले सकते हैं। शाह ने यहां एक प्रमुख मलयालम समाचार पत्र केरल कौमुदी द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाये और पूछा कि क्या वे वास्तव में लोगों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने सवाल किया जो लोग सहअस्तित्व में विश्वास नहीं रखते, वे एकता कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? शाह ने कहा आज इस कार्यक्रम के माध्यम से मैं केरल के लोगों से पूछना चाहता हूं: क्या पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया), जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन और एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) जैसी राजनीतिक पार्टियां केरल को सुरक्षित रख सकती हैं? उन्होंने कहा ऐसे खतरों की पहचान करना और उन्हें खत्म करने के प्रयास करना सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, इस तरह के खतरों की पहचान करना और उन्हें खत्म करने के प्रयास करना सरकार की जिम्मेदारी है।

# भू-राजनीतिक तनाव के बीच अहमदाबाद में होगी मोदीऔर मर्ज की अहम वार्ता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को होने वाली वार्ता में व्यापार, निवेश, अहम प्रौद्योगिकियों तथा रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाना मुख्य एजेंडा रहेगा। मर्ज की यह भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए सैन्य ताकत के खुले इस्तेमाल जैसी घटना के कारण वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल तनावपूर्ण है।

ऐसे में दोनों नेता मौजूदा वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा कर सकते हैं। आगामी 1213 जनवरी को होने वाली यह यात्रा जर्मन चांसलर के रूप में मर्ज की पहली एशिया यात्रा होगी। मोदीमर्ज वार्ता में यूक्रेन में शांति स्थापित करने पर भी चर्चा हो सकती है। अहमदाबाद में कार्यक्रमों के बाद मर्ज बेंगलुरु जाएंगे।



अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के अलावा मर्ज साबरमती आश्रम जाएंगे, पतंगोत्सव में हिस्सा लेंगे और अहमदाबाद में एक कौशलविकास कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। जानकारों के अनुसार बातचीत में व्यापार और निवेश संबंधों पर विशेष जोर रहेगा। भारत अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की पृष्ठभूमि में यूरोप के साथ आर्थिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है। जर्मनी यूरोप में भारत के सबसे अहम साझेदारों में से एक है। वह यूरोपीय संघ में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। 202425 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार 51.23 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

ईयू के साथ भारत के कुल व्यापार का लगभग एक-चौथाई जर्मनी के साथ होता है। 202425 में सेवाओं के व्यापार में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह 16.65 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जर्मनी भारत में नौवां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। अप्रैल 2000 से जून 2025 के बीच भारत में जर्मनी से कुल 15.40 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। फिलहाल भारत में 2,000 से अधिक जर्मन कंपनियां काम कर रही हैं।

**संक्षेप**

## 14.85 करोड़ की साइबर ठगी का शिकार हुए बुजुर्ग

नयी दिल्ली। डिजिटल अरेस्ट की वजह से 14.85 करोड़ रुपये गंवा चुके दिल्ली के रहने वाले बुजुर्ग दंपति ओम तनेजा और उनकी पत्नी को यही मलाल है कि उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। ओम तनेजा (81) और पेशे से डॉक्टर उनकी पत्नी इंदिरा (77) को साइबर ठगों ने दूरसंचार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बनकर कॉल किया और करीब 15 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में रहने वाले बुजुर्ग दंपति ने रविवार को कहा कि पुलिस को अपनी आपबीती न बताना एक गंभीर गलती थी।ओम तनेजा ने बताया, साइबर ठगों ने हमें बार-बार गिरफ्तारी और गंभीर परिणामों की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि यह धोखाधड़ी 24 दिसंबर से 9 जनवरी के बीच की गई और इस दौरान दंपति को लगातार ऑडियो और वीडियो कॉल पर रहने के लिए मजबूर किया गया और सत्यापन के नाम पर कई बैंक खातों में बड़ी रकम अंतरण करने के लिए दबाव डाला गया। इस मामले में ई-प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और दिल्ली पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि यह दंपति दशकों तक अमेरिका में काम करने के बाद भारत लौट आए थे।

# फंदे से लटका बीएलओ, परिवार ने लगाया एसआईआर को लेकर दबाव का आरोप

कोलकाता। मुर्शिदाबाद जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फंदे से लटका हुआ मिला। बीएलओ के परिवार का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर काम के अत्यधिक दबाव के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। रानीतला थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान हमीमुलइस्लाम (47) के रूप में हुई है, जो पैकमरी चार कृष्णपुर बॉयज प्राइमरी स्कूल में शिक्षक और खारिबोना ग्राम पंचायत के अंतर्गत पुरबा अलापुर गांव में एक बूथ पर बीएलओ थे। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात रानीतला थाना अंतर्गत पैकमरी चार इलाके में स्थानीय लोगों के संज्ञान में आई। मृतक के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि हमीमुल शनिवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन दोपहर तक वापस नहीं आए। पुलिस अधिकारी ने बताया, काफी खोजबीन के बाद शनिवार रात को विद्यालय परिसर के एक कमरे में उनका शव फंदे से लटका हुआ मिला।

# रूस में ड्रोन हमले में एक की मौत

एजेंसी

मॉस्को। यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के वोरोनेझ शहर में एक महिला की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने टेलीग्राम पर बताया कि शनिवार को हुए हमले के दौरान ड्रोन का मलबा एक घर पर गिरने से घायल हुई एक युवती की अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज के दौरान रात को मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि तीन लोग घायल हुए हैं और 10 से अधिक अपार्टमेंट इमारतों, निजी घरों तथा एक उच्च



विद्यालय को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने यह भी बताया कि वायु रक्षा प्रणालियों ने वोरोनेझ के ऊपर 17 ड्रोन मार गिराए। यह शहर लगभग 10 लाख से अधिक आबादी वाला है और यूक्रेनी सीमा से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इसके एक दिन पहले रूस ने शुक्रवार तड़के यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइल दागीं।

यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में राजधानी कीव में कम से कम चार लोगों की मौत हुई। भीषण हमलों की यह शृंखला और परमाणु क्षमता वाली ओरेश्निक मिसाइल का प्रक्षेपण ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका के नेतृत्व में संभावित शांति समझौते की स्थिति में मॉस्को की आक्रामकता से यूक्रेन की रक्षा को लेकर कीव और उसके सहयोगियों के बीच वार्ताओं में महत्वपूर्ण प्रगति की खबरें सामने आई थीं।

# कांग्रेस 2027 का पंजाब चुनाव संयुक्त नेतृत्व में लड़ेगी : बघेल

एजेंसी

बठिंडा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में पंजाब मामलों के प्रभारी एवं पार्टी महासचिव भूपेश बघेल ने रविवार को कहा कि कांग्रेस 2027 में राज्य विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी। बघेल में यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवार हैं। इस अवसर पर बघेल के साथ पंजाब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा एवं अन्य नेता भी मौजूद थे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रह चुके बघेल ने कहा कि 2017 के पंजाब चुनावों को छोड़कर कांग्रेस ने हमेशा संयुक्त नेतृत्व में चुनाव लड़ा है। पार्टी ने वर्ष 2017 के चुनाव में कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर अंतिम फैसला कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी करेंगे।

# कांग्रेस सरकारी योजनाओं को लेकर गुमराह कर रही

एजेंसी

पटना। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को कांग्रेस पर मनरेगा सहित सरकार की योजनाओं को लेकर डर फैलाकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां सीएए, एनआरसी, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और वीबी-जी राम जी जैसी योजनाओं और कानूनों के इर्द-गिर्द भ्रामक विमर्श शुरू करके लोगों में भय पैदा करने की राजनीति कर रही हैं।



उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह महात्मा गांधी की विरासत का हवाला देकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को सनसनीखेज बना रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नयी योजना विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) के नाम के बजाय उसके गुणों पर बहस करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी महत्वपूर्ण और नियमित प्रक्रिया को भी चुनौती देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से उनके वोट चोरी के आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा, जिस तरह उन्होंने एसआईआर को लेकर हंगामा करके हमें बिहार जीतने में मदद की उसी तरह वे वीबी-जी राम जी को मुद्दा बनाकर पश्चिम बंगाल और असम जीतने में हमारी मदद करेंगे।

## इस्लामाबाद में सिलेंडर में विस्फोट, आठ की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में रविवार तड़के गैस सिलेंडर विस्फोट में मारे गए आठ लोगों में एक नवविवाहित दंपति भी शामिल था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सेक्टर जी-712 स्थित एक घर में शादी समारोह के दौरान हुई। बचाव अधिकारियों ने बताया कि आठ लोग मारे गए और 11 घायल हो गए, बचाव दल ने मलबे से 19 लोगों को बाहर निकाला। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने कहा कि पीड़ितों के इलाज के लिए आपात स्थिति घोषित की गयी थी।

# एसआईआर पर ममता बनर्जी के आरोप निराधार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर राजनीतिक कारणों से एसआईआर प्रक्रिया को पटरी से उतारने का आरोप लगाया। अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखा है और दावा किया कि एसआईआर से मतदाता सूचियों में



व्याप्त भ्रष्टाचार- फर्जी प्रविष्टियों, दोहराव वाले नामों और घुसपैठियों का पर्दाफाश हो रहा है, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस की देखरेख में वर्षों से पाला-पोसा गया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया तृणमूल की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचा रही है , इसीलिए मुख्यमंत्री इस तरह का हंगामा कर रही हैं। बनर्जी ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया रिकॉर्ड सुधारने के बजाय मतदाताओं के नाम हटाने का जरिया बन गई है। एसआईआर की शुरुआत के बाद से कुमार को लिखे अपने तीसरे पत्र में, मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग पर इस प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक पूर्वाग्रह, असंवेदनशीलता और मनमानी का आरोप लगाया। अधिकारी ने पोस्ट में आरोप लगाया, मैं एक बार फिर दोहराना चाहूंगा कि उनके दावे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को पटरी से उतारने का एक हताश प्रयास मात्र हैं।

## भव्य कृष्ण रासलीला का शुभारंभ, श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम

चोपन/सोनभद्र स्थानीय नगर में धार्मिक सात दिनों तक चले रामकथा के बाद रासलीला के आयोजन से पूरा नगर भक्तिमय लगातार हो रहा है । मथुरा बृंदावन से पधारे दाऊजी की कंपनी द्वारा सोन नदी के तट पर नौ दिवसीय रासलीला के आयोजन का आज विधिवत उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विद्याशंकर पाण्डेय द्वारा फीता काटकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ।


### दिल्ली में संघ के कार्यक्रम में बोले डॉ.भागवत

'शतक' के गाने के एल्बम को लॉन्च किया

# संघ धीरे-धीरे विकसित हो रहा और नया रूप धारण कर रहा

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि आरएसएस बदल नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है और बस सामने आ रहा है। भागवत दिल्ली स्थित संगठन के कार्यालय में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां फिल्म 'शतक' के गाने के एल्बम को लॉन्च किया गया। यह फिल्म आरएसएस के 100 साल के सफर की कहानी बताती है। डॉ.भागवत ने कहा कि संघ अपनी शताब्दी मना रहा है। जैसे-जैसे संगठन विकसित होता है और नए रूप लेता है, लोग इसे बदलते हुए देखते हैं। हालांकि यह असल में बदल नहीं रहा है बस सामने आ रहा है।



**पेड़ का दिया उदाहरण**

उन्होंने कहा कि जैसे एक बीज से अंकुर निकलता है और फलों और फूलों से लदा हुआ परिपक्व पेड़ का एक अलग रूप होता है, ये दोनों रूप अलग-अलग हैं।

**संघ और डॉक्टर साहब पर्यायवाची शब्द**

उन्होंने कहा कहा, संघ और डॉक्टर साहब (हेडगेवार) पर्यायवाची शब्द हैं। वे जब सिर्फ 11 साल के थे, जब उनके माता-पिता का निधन हो गया था, लेकिन उन्हें उस उम्र में या बाद में भी, बात करने या भरोसा करने वाला कोई नहीं मिला। भागवत ने कहा कि इतनी कम उम्र में इतना बड़ा सदमा लगता है।

## शादीशुदा प्रेमी संग वंदे भारत के आगे कूदी युवती



**लखनऊ।** यहां वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर एक युवक और युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उनकी क्षत-विक्षत लाशें आलम नगर स्टेशन के पास जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक के पास मिलीं। मृतकों की पहचान नीलमाथा निवासी सूर्यकांत और अर्जुनगंज के शाह खेड़ा गांव की दीपाली के रूप में हुई है।


### ओवैसी का सीएम सरमा पर पलटवार, यह कहा

महिला पीएम बनने की बात पर भिड़े

# उनके दिमाग में ट्यूबलाइट संविधान में यह कहां लिखा

एजेंसी ⏩ नागपुर

महाराष्ट्र निकाय चुनाव प्रचार में व्यस्त ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का हिजाब पहने बेटी का एक



दिन देश का प्रधानमंत्री बनने वाले बयान पर सियासत शुरू हो चुकी है। ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला बोला है। ओवैसी का यह बयान असम सीएम की टिप्पण के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र होने के नाते एक हिंदू व्यक्ति को ही देश का प्रधानमंत्री बनते हुए देखेगा। नागपुर में ओवैसी ने असम सीएम पर करारा तंज कसते हुए कहा कि उनके दिमाग में 'ट्यूबलाइट' है।

**रामभद्राचार्य की दो टूक**

**भारत में साड़ी पहनकर ही कोई महिला प्रधानमंत्री बनेगी**



जयपुर में ओवैसी के बयान पर कथावाचक रामभद्राचार्य ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने। हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति बने। उन्हें और क्या चाहिए?...वे दिवास्वप्न देख रहे हैं। अगर भारत में कोई महिला प्रधानमंत्री बनती है, तो वह साड़ी पहनेगी। रामभद्राचार्य अक्सर राजनीतिक मामलों में टिप्पणी करते हैं।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क० /अ-6/2025 26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रेयाजुद्दीन आ०मो० समसुद्दीन, उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नं0 42, मोमिनपुरा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, नसीरूद्दीन आ० अब्दुल मजीद, निवासी मोमिनपुरा, जहिरुद् ?दीन आ० अब्दुल मजीद निवासी ग्राम बिल्हगा, जोरी धौरपुर, सकीरूद्दीन, नजीरूद्दीन, अमीरउद्दीन आ० अब्दुल मजीद सभी निवासी ग्राम आरा, बलरामपुर छ०ग० के द्वारा तदाशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक क्र. 01 के नाना एवं 02 से 07 के पिता अब्दुल मजीद के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की मोहल्ला परांडाड नगर अम्बिकापुर स्थित भूखण्ड क्रमांक 2487/1 रकबा 0.09 हे० भूमि है। भूधारक अब्दुल मजीद की मृत्यु वर्ष 1978 में हो गई है। अतः भूधारक अब्दुल मजीद की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से उनका नाम विलोपित कर स्वयं सहित अनावेदकमण संन्तू आ0 करामत हुसैन वगैरह का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/01/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/12/2025 को गेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202601020700023/**

विषयः-अ-6
मामले की श्रेणी राजस्व
सनः- 2025-2026
अंबिकापुर (प ह न. 00015),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार सुरजमनी
अनावेदक पक्षकार - श्यामा, पुत्री फुलचन्द, देवी, पिक्की बरवा, शिवपूजन, सुखमनिया,

**ईश्तहार**

आवेदक सुरजमनी पुत्री स्व० श्याम देवी पनी सरपूराम व अन्य निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1663/1, 1663/2, 1664/1, 1668/1 रकबा 0.126, 0.020, 0.160, 0.101 हे० भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृतक खातेदार श्यामा देवी का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/01/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/01/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष**

**ग्राम - प.ह.न. 12**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र पिता शिवशंकर जाति तुरी निवासी ग्राम मोहली प.ह.न.12 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र राजा कुमार का जन्म दिनांक 06/12 /2006 को ग्राम मोहली में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र राजा कुमार का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत मोहली को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 22/01/2026 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान जिला - सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क० अ-27/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचरण आ० जुगला उर्फ जुगलाल व अन्य, निवासी ग्राम नर्बदापारा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० द्वारा द्वारा ग्राम नेहरूनगर स्थित भूमि कुल खसरा न० 22 कुल रकवा 2.427 हे० भूमि का अनावेदिकागण हिरोदिया पुत्री स्वः जुगला व अन्य, निवासी ग्राम नर्बदापारा तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के मध्य खाता विभाजन कराने बावत आवेदन छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा, 178 के तहत प्रस्तुत की गई है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/02/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 12/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

# हिन्दू सम्मेलन में जुटी हजारों की भीड़

संवाददाता

नसीराबाद, रायबरेली। ब्लॉक छतोह तिराहे के औद्योगिक मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में हजारों लोग एकत्र हुए। अयोध्या धाम से पधारे पूज्य संत सीताराम दास जी, विश्व हिंदू परिषद के विशेष संगठन प्रभारी हरिश्चंद्र जी और भाजपा महिला प्रकोष्ठ की जिलाउपाध्यक्ष तथा राजा राम चेतन डिग्री कॉलेज की प्रबंधक डॉक्टर रीता वर्मा पासी ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिव बहादुर शास्त्री ने बताया कि देश भर में 80000 सम्मेलन करने का लक्ष्य है। अयोध्या धाम से पधारे प्रसिद्ध गायक मोहन शास्त्री जी ने स्व.अक्षय शास्त्री की याद दिलाई और कहा कि नश्वर शरीर भले न हो उनकी आत्मा उपस्थित है। उन्होंने ऱमेरी चौखट पे चलके आज चारों धाम आए हैंऱ भजन सुनाया तो लोग हर्षित होकर उछल पड़े। कथा प्रवाचक धर्मेश जी महाराज ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भविष्य में हिंदुत्व के संरक्षण हेतु बिना भेदभाव के सभी सनातनी लोगों को एकजुट




करना है, उनमें समरसता को मजबूत करना है। राम ही सत्य हैं, राम ही सनातन हैं, राम ही संस्कृति हैं। कार्यक्रम के आयोजक विवेक प्रताप जी ने सबसे एक होकर गौरक्षा करने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा जो सरकार हिन्दू हित में काम करेगी हम उसके लिए काम करेंगे। मंदिर निर्माण हिंदू एकता ने किया है। हमें हिन्दू राष्ट्र और जनसंख्या बिल पास करवाना होगा। वाराणसी से पधारे कपाली जी महाराज ने कहा कि अंग्रेजों और मुस्लिमों ने भी संस्कृत पढ़ कर हमारी तथ्यपरक वैज्ञानिक खोजों को अपनाया, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए।कर्म आधारित जातियों को जन्माधारित बहुत बाद में मानकर हमें बांटा गया। हमारे धर्म में मातृशक्ति को प्रमुखता दी जाती है। 21 बार क्षत्रियों का नाश करने की बात मिथ्या प्रचार के सिवा कुछ नहीं। जब एक बार कोई चीज नष्ट हो जाती है तो पुनः कैसे उत्पन्न होती है? भगवान परशुराम ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य जैसे शिष्य बनाए। राजकुमार राम और वनवासी राम के आचार और क्रियाशीलता में अंतर था। हमें अपने महापुरुषों से बहुत कुछ सीखना होगा। अगर हिंदू ही नहीं बचेगा तो जातियां कैसे बचेंगी। सम्मेलन को अयोध्या धाम से पधारे पूज्य संत सीतारामदास जी और विश्व हिंदू परिषद के विशेष संगठन प्रभारी अवध प्रांत हरिश्चंद्र जी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सलोन नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, प्रखर हिंदूवादी नेता चैतन्य सिंह भदौरिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव अभय प्रताप सिंह, सुनील सिंह आदि विशिष्टजनों के अलावा आर एस एस के संतोष पांडेय, रुद्र प्रताप, गजराज, लव कुश, शिवांकर, अभिषेक शुक्ला सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## अधर्म के नाश के लिए राम का अवतार हुआ- कृष्णानंद महाराज

नसीराबाद, रायबरेली। छतोह ब्लॉक के ग्राम कुढ़ा में श्री राम कथा के चौथे दिन अयोध्या धाम से पधारे विद्वान कथाव्यास पंडित कृष्णानंद शास्त्री ने बताया कि जब जब अधर्म बढ़ता है और तब तब उसके नाश और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए भगवान अवतार लेते हैं।रावण जैसे अनेकों असुरों से प्रताड़ित सृष्टि के संरक्षण हेतु त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने अवतार लिया और संबंधों को जीना सिखाया। उन्होंने कहा कि अयोध्या के महाराज दशरथ की तीन रानियां कौशल्या, सुमित्रा और कैकेई थीं किन्तु कोई संतान न होने के कारण वे चिंतित रहते थे। उन्होंने अपने कुल गुरु महर्षि वशिष्ठ की सलाह पर श्रृंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ कराया। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में महारानी कौशल्या ने श्री राम चंद्र को जन्म दिया। इसी तिथि को हर साल राम नवमी के रूप में मनाया जाता है। राम के जन्म के बाद रानी कैकेयी ने भरत को और रानी सुमित्रा ने दो पुत्रों, लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया।

# भारतीय सांस्कृतिक विरासत को मिली वैश्विक पहचान

पिछला साल भारतीय कला, साहित्य व संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण और उत्साहवर्धक रहा। साल के शुरुआत में यूनेस्को ने भारत के दो प्राचीन ग्रंथों 'श्रीमद्भगवद्गीता' और 'नाट्यशास्त्र' को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया, जोकि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान व मान्यता देता है। वहीं साल के अंतिम महीने में यूनेस्को ने भारत के प्रमुख पर्व दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया। ये उपलब्धियां भारत की कला, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को विश्व में एक विशेष स्थान व मान्यता प्रदान करती हैं। कला-संस्कृति से जुड़े दिग्गज, बता रहे हैं वे इस उपलब्धि को किस तरह देखते हैं?






{ आवरण कथा }

## यह देश के लिए सांस्कृतिक पुनर्जागरण का ऐतिहासिक क्षण है

**डॉ. संध्या पुरेचा** अध्यक्ष-संगीत नाटक अकादमी



**यूनेस्को** द्वारा प्राचीन ग्रंथों 'नाट्यशास्त्र' और 'श्रीमद्भगवद्गीता' का पंजीकरण तथा दीपावली का भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में घोषित होना, भारत के लिए अत्यंत गौरव, आत्म-सम्मान के साथ ही सांस्कृतिक पुनर्जागरण का ऐतिहासिक क्षण है। यह केवल अंतरराष्ट्रीय मान्यता नहीं बल्कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, दार्शनिक दृष्टि और जीवन मूल्यों की वैश्विक स्वीकृति है।

'नाट्यशास्त्र' भारतीय कलाओं की आत्मा है। यह रंगमंच, नृत्य और संगीत का शास्त्र होने के साथ-साथ मानव भावनाओं, रस अभिव्यक्ति और सौंदर्यबोध का वैज्ञानिक और सार्वकालिक ग्रंथ है। वहीं 'श्रीमद्भगवद्गीता' कर्म, धर्म, भक्ति और ज्ञान के माध्यम से मानव जीवन के लिए एक सार्वभौमिक दर्शन प्रस्तुत करती है। इन दोनों ग्रंथों को यूनेस्को में स्थान मिलना यह सिद्ध करता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक और मार्गदर्शक है। दीपावली का अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता पाना भारत की लोक-आस्थाओं और सांस्कृतिक चेतना की वैश्विक स्वीकृति है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि सामाजिक एकता, नैतिक मूल्यों, आशा और सद्भाव का उत्सव है, जो संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बांधता है और मानवता को सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। इन उपलब्धियों का भारत की सांस्कृतिक कूटनीति, कला, शिक्षा, अनुसंधान, पर्यटन तथा परंपरागत ज्ञान के संरक्षण और संवर्धन पर दूरगामी प्रभाव होगा। इससे हमारी युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के वैश्विक महत्व को भी समझ सकेगी। संगीत नाटक अकादमी भी इस दिशा में सतत प्रयास करेगी कि हमारी परंपराएं जीवंत बनी रहें, अगली पीढ़ियों तक पहुंचे और वैश्विक मंच पर गरिमापूर्ण ढंग से प्रस्तुत हों। *

## भारतवासियों के लिए विश्वस्तर की यह बड़ी उपलब्धि है

**रोहित त्रिपाठी** अभिनेता-निर्देशक, अध्यक्ष-अपस्टेज आर्ट ग्रुप



**नाट्यशास्त्र को** यूनेस्को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल करना दर्शाता है कि हमारा नाट्यशास्त्र प्राचीन नाट्यमंच पद्धति है। पूरे विश्व में यह स्वीकारोक्ति हुई है कि नाट्यशास्त्र वह ग्रंथ है, जिसमें हमें मंच पर प्रस्तुत करने की सारी विधाएं प्राचीन काल से बताई गई हैं। इसे अब यानी लंबे इंतजार के बाद वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया, जबकि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था। विश्व की यह स्वीकारोक्ति हमें बताती है कि विश्व के जितने भी महान रंगकर्मी हुए, उन्होंने कहीं न कहीं हमारे नाट्यशास्त्र से गहन अध्ययन किया और अपनी एक थ्योरी बनाकर प्रकाशित की। यह बहुत खुशी की बात है कि अभी हाल ही में दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में शामिल किया गया। इससे प्रतीत होता है कि हमारी सनातन परंपरा और उसके उत्सव विश्व को आगे ले जाने में कितनी मदद करते हैं। यह हम रंगकर्मियों के लिए भारतवासियों के लिए विश्वस्तर की एक बड़ी उपलब्धि है। स्वामी विवेकानंद ने इसीलिए कहा था कि समस्त विश्व के लोग हमारे भाई-बहन हैं। हम विश्व के कल्याण के लिए काम करते हैं। यह हम सभी रंगकर्मियों के लिए गर्व की बात है कि हमारे पास नाट्यशास्त्र है। बस उसे सरलतम बनाकर प्रस्तुत करने के लिए हमारे देश के विद्वानों को आगे आना चाहिए ताकि हर रंगकर्मी तक वह उनकी सरल भाषा में पहुंच सके। वे उसे समझकर अपना ज्ञानवर्धन कर सकें। *

## ये उपलब्धियां हासिल होना हर भारतीय के लिए गौरव का पल है

**पद्मश्री डॉ. भरत गुप्त**
कार्यकारी उपाध्यक्ष-एनएसडी




'श्रीमद्भगवद्गीता' व 'नाट्यशास्त्र' को यूनेस्को द्वारा मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया जाना, हर भारतीय के लिए गौरव का पल है। 'श्रीमद्भगवद्गीता' एक प्राचीन ग्रंथ है, जिसे सदियों से खूब पढ़ा जा रहा है। 'नाट्यशास्त्र' को लेकर मुझे विशेष प्रसन्नता है, क्योंकि पश्चिम के लोग अभी भी इस बात को नहीं जानते कि 'नाट्यशास्त्र' रंगमंच की व्याख्या है और इतनी व्यापक व्याख्या और कहीं नहीं है। बेशक कुछ पश्चिम के लोग नाट्यशास्त्र के विषय में जानते हैं लेकिन अब और विदेशी इसे पढ़ेंगे। दोनों ग्रंथों को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में रखवाने में आईजीएनसीए की बड़ी भूमिका रही। मैं आईजीएनसीए में ट्रस्टी हूं, हमारी पूरी टीम इस काम में लगी थी।

'श्रीमद्भगवद्गीता' दर्शन का ग्रंथ है, जिसमें कर्म, योग, ज्ञान और भक्ति की व्याख्या है। जीवन में क्या करना है, जीवन कैसे, किन मूल्य को लेकर जीना है, आप कैसे कर्म करेंगे? यह हमें गीता सिखाती है। इस तरह 'श्रीमद्भगवद्गीता' एक योद्धा की किताब है। उस योद्धा की मानसिकता की मनोदशा, हम सभी की जिंदगी में कभी न कभी किसी न किसी रूप में आती रहती है। गीता हमें सिखाती है कि श्रेष्ठ जीवन कैसा हो? जीवन जैसा भी है, अच्छा, बुरा, कुछ ऊंचे पात्र, कुछ नीचे, नायक, खलनायक इन सबको दिखाने वाला ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' है। गीता के संदेश को हम बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक नाटक के माध्यम से पहुंचा सकते हैं। इन ग्रंथों को जनता तक पहुंचाना बहुत जरूरी है।

दीपावली के संदर्भ में यही कहूंगा कि यूनेस्को ने इसे सांस्कृतिक धरोहर माना है। यह गर्व की बात है लेकिन अब हमें देखना होगा कि क्या हम दीपावली को उसके मूल स्वरूप में मना रहे हैं? साथ ही विजया दशमी के महत्व को समझें, तभी दीपावली का सही अर्थ समझ आएगा। *

## हम सांस्कृतिक पुनर्जागरण का युग देख रहे हैं

**डॉ. सच्चिदानंद जोशी** सदस्य सचिव-इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र



**हम सांस्कृतिक** पुनर्जागरण का युग देख रहे हैं। स्वतंत्रता से पूर्व हम गुलाम मानसिकता में जीते रहे इसलिए हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत व वैभव का अहसास नहीं हुआ। हमारी अस्मिता बोध को जगाने का काम इस समय हो रहा है। यह निरंतर प्रक्रिया चल रही है। विरासत भी विकास भी, का मंत्र लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। इस दृष्टि से देखें तो पिछला एक साल उसी निरंतर किए जा रहे कार्यों का गौरवशाली साल रहा। पहले हमने 'नाट्यशास्त्र' व 'श्रीमद्भगवदगीता' को यूनेस्को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में दर्ज कराया। यह इस बात को रेखांकित करता है कि हमारी परंपराएं कितनी पुरानी हैं, हमारी सांस्कृतिक जड़ें कितनी गहरी हैं। श्रीमद्भगवद्गीता को काफी पहले से ही विश्वभर में बहुत आदर, सम्मान के साथ पढ़ा जाता रहा है। अब जब हमारा नाट्यशास्त्र वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल होता है तो हमें पूरे विश्व को यह बताने का अवसर मिलता है कि ऐसा शास्त्र हमारे यहां दो हजार साल पूर्व लिखा गया। तब जबकि विश्व की अधिकांश सभ्यताएं इस पूरे शास्त्र के बारे में जानती भी नहीं थीं। इस दृष्टि से यह बहुत महत्वपूर्ण है। दीपावली का अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर में शामिल होना, हमें विश्व को यह बताने का अवसर देता है कि हमारे देश में पर्व मनाने की निरंतरता कितनी बड़ी है। साथ ही यह भी कि हमारे पर्व किस तरह से सर्वसमावेशी हैं। हमने किस तरह अपनी पुरातन परंपराओं को मान्यताओं को बचाकर रखा है और आगे तक बचाने का संकल्प किया है। इस तरह विश्वस्तर पर ये तीनों उपलब्धियां हमारे लिए बहुत मायने रखती हैं। *

प्रस्तुतिः रेनू खंतवाल

स्वामी विवेकानंद ने न केवल भारत की सांस्कृतिक श्रेष्ठता को संपूर्ण विश्व में प्रतिष्ठित किया, यहां की धार्मिक चेतना का पुनर्जागरण करने में भी भूमिका निभाई। यही नहीं लगभग सवा सदी से अधिक समय गुजरने के बाद भी स्वामी विवेकानंद, देश के युवाओं के लिए आदर्श और अद्वितीय मार्गदर्शक बने हुए हैं।



# स्वामी विवेकानंद आज भी हैं युवाओं के आदर्श-मार्गदर्शक

{ प्रेरक व्यक्तित्व }
**शिखर चंद जैन**

ब्रिटिश शासनकाल के समय पश्चिमी देश, भारत की उपेक्षा किया करते थे। दरअसल, वे हमारे देश की अद्वितीय सनातन संस्कृति और गौरवमयी सभ्यता से परिचित ही नहीं थे। ऐसे समय में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद (बचपन का नाम नरेंद्र) ने युवावस्था में ही दुनिया में भारतवर्ष का मान बढ़ाने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई।

**भारतीय संस्कृति को दिलाया मानः** स्वामी विवेकानंद, भारत के पहले युवा संत थे, जिन्होंने सनातन धर्म का संदेश विश्व भर में फैलाया और इसकी महत्ता पूरे विश्व को समझाई। उन्होंने विश्व में सनातन मूल्यों, धर्म और भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता को स्थापित किया और इसका मान बढ़ाया। 11 सितंबर, 1893 को अमेरिका स्थित शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में उनके भाषण ने दुनिया भर के धार्मिक और आध्यात्मिक संतों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत जब 'मेरे प्यारे अमेरिकी बहनों और भाइयों' से की तो पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस पर उन्होंने कहा, 'जिस गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में मेरा स्वागत किया है, उससे मेरा हृदय गद-गद है। भारत भूमि के सभी समुदायों, वर्गों, लाखों-करोड़ों भारतीयों की तरफ से मैं आपको कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं।' उन्होंने यह भी कहा, 'मुझे उस धर्म व राष्ट्र से संबंध रखने पर गर्व है, जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिकता का पाठ सिखाया। हम न केवल सार्वभौमिक सहनशीलता में विश्वास रखते हैं बल्कि सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं। मुझे भारतीय होने पर गर्व है, जिसने विभिन्न राष्ट्रों के पीड़ितों और शरणार्थियों को आश्रय दिया है।'



**धार्मिक सहिष्णुता के पक्षधरः** भारतीय संस्कृति के मूल भाव धर्मनिरपेक्षता को वे बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। उन्होंने सदैव सार्वजनिक संस्कृति के रूप में धार्मिक सहिष्णुता का समर्थन किया, क्योंकि वे सद्भाव और शांति के पक्षधर थे। स्वामीजी, जाति या धर्म के आधार पर बिना किसी भेदभाव के लोगों की सेवा करने को सर्वश्रेष्ठ मानव धर्म मानते थे। उनके विचारों में धर्मनिरपेक्षता के संबंध में तुष्टिकरण के लिए कोई स्थान नहीं था। 1893 में विश्व धर्म संसद में ऐतिहासिक व्याख्यान देने के बाद उन्होंने यूरोप का भी दौरा किया। स्वामी विवेकानंद ने देश की महान आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए एकता की भावना को प्रसारित किया।

**मातृभूमि के प्रति अगाध श्रद्धाः** स्वामीजी जब अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा कर चार साल बाद भारत लौटे तो उन्होंने यहां की पवित्र भूमि को साष्टांग दंडवत कर नमन किया। उनके मन में मातृभूमि के प्रति अपार श्रद्धा और प्रेम था। वे कहते थे कि मातृभूमि का कण-कण पवित्र और प्रेरक होता है, इसलिए इस धूलि में रमा हुआ हूं।

**परम विद्वान-विनम्र व्यक्तित्वः** स्वामी विवेकानंद के बारे में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने लिखा है, 'स्वामीजी इसलिए महान हैं कि उन्होंने पूर्व और पश्चिम, धर्म और विज्ञान, अतीत और वर्तमान में सामंजस्य स्थापित किया, देशवासियों ने उनकी शिक्षाओं से अभूतपूर्व आत्म-सम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्म-विश्वास आत्मसात किया है।' इसी ऐतिहासिक संबोधन से प्रभावित होकर प्रख्यात ब्रिटिश इतिहासकार ए.एल. बाशम ने कहा था, 'स्वामी विवेकानंद जी को भविष्य में आधुनिक दुनिया के प्रमुख निर्माता के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।'

**युवाओं के प्रेरणास्त्रोतः** स्वामी विवेकानंद मानते थे कि युवाशक्ति ही देश, समाज और दुनिया को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकती है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा था 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए।' वे युवाओं से भरपूर आशा और उम्मीद रखते थे। उनके लिए युवा पीढ़ी ही परिवर्तन की अग्रदूत हो सकती है। वे चाहते थे कि युवाओं में विशाल हृदय के साथ मातृभूमि और जनता की सेवा करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो। वे युवाओं का आह्वान करते हुए कहते थे, 'देश में जहां भी प्लेग या अकाल का प्रकोप है, या जहां भी लोग संकट में हैं, आप वहां जाएं और उनके दुःखों को दूर करें। आप पर देश के भविष्य की उम्मीदें टिकी हुई हैं।'

स्वामी विवेकानंद, आधुनिक भारत के उन महानतम आध्यात्मिक गुरुओं और विचारकों में से एक थे, जिन्होंने न केवल भारतीय संस्कृति का विश्व भर में गौरव बढ़ाया, बल्कि युवाओं को ऊर्जा, आत्मविश्वास और चरित्र-निर्माण का एक नया मार्ग भी दिखाया। स्वामी जी का दर्शन और आदर्श भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत आज भी बना हुआ है। स्वामी विवेकानंद के सुझाए रास्ते पर चलकर ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत, आत्म-निर्भर भारत और भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना साकार किया जा सकता है। *



{ कविता }
**अवतार सिंह अक्षरजीवी**

## आगाह

ऐसा नहीं है कि आकर्षण नहीं है
मेरी आंखों में किसी के लिए,
ऐसा भी नहीं है कि मैं कह दूं कि
मेरी भावनाएं मुझे शून्य मानती हैं,
बहुत प्रेम कर लेने के बाद
प्रेम करने का जी नहीं करता
मेरा मन इस तरह का उदार भी नहीं है,
फिर क्या सत्य है?
जो प्राप्त है, उसे पाने के बाद से
लगातार खोते चले जाना
भव्यता से खंडहर हो जाना
भरी-पूरी झील से कीचड़ हो जाना
सुर मिलना, अंत में एकाकी रह जाना
मुझे प्रेम के प्रति आगाह करता है-
प्रेम को पा लेना
प्रेम के समापन की लंबी यात्रा है,
प्रेम को न पाना
प्रेम करते चले जाने की निष्क्रियता है।

{ व्यंग्य }
**भूपेंद्र भारतीय**

जैसे चुनावों के समय कुछ कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से दल की सेवा करते हैं और चुनाव जीतने के बाद मेवा किसी और के हाथ लगता है। उसी तरह आखिर में मंगल जैसों की थाली में सिर्फ पतला तरीनुमा पानी रह जाता है।

# तपेली में तरी ही बची



मंगल के साथ पिछले दिनों बड़ा धोखा हो गया। धोखा क्या कहूं, मंगल की भाषा में यह एक तरह से 'सेवा का शिकार' होने जैसा है। या कहें, ये वही धोखा था, जो एक आम राजनीतिक कार्यकर्ता के साथ चुनाव के बाद जीतने वाला दल करता है। वैसे ही जैसे बड़े बाबू, चपरासी और कार्यालय के अन्य छोटे बाबुओं के साथ करते हैं, रिश्वत में आया अधिकांश माल बड़े बाबू निगल लेते हैं और अन्य के पास सिर्फ पतली तरी बचती है। सिर्फ दाल का पानी ही पानी, फिर उस तपेली में चम्मच हिलाते रहो। ऐसा ही पिछले दिनों मंगल के साथ हुआ। वह पिछले दिनों अपनी जाति के प्रतिभा सम्मान आयोजन में गया था, जिसे बड़ी होशियारी से समाजवादी ढंग में सामाजिक आयोजन कहा गया था। पहले आयोजन में सामाजिक नेताओं के द्वारा भाषणबाज प्रतिभाओं को जैसे जबरन पकड़कर सम्मानित किया गया हो। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जातिगत नेताओं द्वारा दो शब्द कहे गए। वे दो शब्द स्वयं की प्रशंसा में ज्यादा थे।

मंगल इस आयोजन में कार्यकर्ता की भूमिका में था। उसे किसी ने बोला नहीं था। ना ही चुनावी उम्मीदवारों की सूची जैसी किसी सूची में उसका नाम था और ना ही इसके लिए उसने कोई याचिका लगाई थी। वह भावुकता में चला गया। उसे सेवा करने का भी कुछ मन हुआ था। जैसे आजकल सब तरफ सेवा के लिए लोग जाते हैं। नेतागण देश की सेवा के लिए पागल हो रहे हैं। युवा अलग तरह से सेवा करना चाहता है। जैसे राष्ट्रीय स्तर पर इस देश का युवा 'देश सेवा' के लिए गलाकाट प्रतियोगी परीक्षा पास करता है और फिर कुछ ही वर्षों में सेवा के नाम पर भ्रष्टाचार के मामलों से देश के अखबारों में बड़ी-बड़ी हेडलाइन बनाता है। वहीं संसदीय और विधायी समितियों में जनप्रतिनिधि देश सेवा व नवाचार के नाम पर चार-पांच देशों की यात्रा करते हैं और जनप्रतिनिधि होने का कर्त्तव्य निभाते हैं। वैसे ही मंगल भी उस आयोजन में सेवा के लिए चला गया। जैसे युवा शुरू-शुरू में राजनीतिक-सामाजिक आंदोलनों में जाता है और भीड़ का शिकार हो या तो भावुकता में अपने हाथ-पैर तुड़वा लेता है या फिर पुलिस थाने के रजिस्टर में अपना नाम दर्ज कराकर राजनीति का स्थाई खिलाड़ी बन जाता है।

मंगल को भी लगा कि बड़े आयोजन में उसके हाथ कुछ तो आएगा। उसके जीवन में भी कुछ मंगल हो जाएगा। जैसे कर्मठ कार्यकर्ताओं की सेवा से मंत्रीजी जनसेवा करते हैं। उसे भी नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में आने का रोग चढ़ा। उसे भी लगा, समाज सेवा करने पर गाढ़ी तरी व साग दोनों का आनंद मिलेगा। वह भी अब नया कुर्ता-पायजामा पहनकर समाज सेवा की तपेली में अपनी सेवा रूपी चम्मच हिलाने गया था। उसने पढ़ा था, इस सेवा के लिए आजादी से पूर्व और उसके बाद बड़े-बड़े लोग, अपनी जमी-जमाई वकालत, व्यापार, जागीरदारी आदि छोड़कर इस सेवा में कूद पड़े थे। तो भला मंगल अपने समाज के आयोजन में टाट-पट्टी बिछाने से लेकर भोजन परोसने तक का काम क्यों नहीं कर सकता? आगे मंच और माइक भी मिलेगा। पूर्व में तो उसके जैसे कार्यकर्ताओं द्वारा समाज सेवा के लिए प्राण तक न्यौछावर कर दिए। क्या उन्होंने कम तरी-साग का आनंद उठाया? कैसे मालामाल हो गए! जैसे वे इस सेवा के लिए ही बने हों।

मंगल की मानें तो उस आयोजन में वह समाज सेवा के भाव से गया था। लेकिन उसका भाव वही था, जो अधिकांश सामाजिक संगठनों का रहता है। समाज में दबे-कुचले लोगों की सेवा के नाम पर सरकार से अनुदान की तरी-साग दोनों का आनंद उठाते हैं। मंगल सबको साग-तरी परोसता है। उसने सोचा यह सब मुझे भी मिलेगा। उसे भी दूसरे कार्यकर्ता तरी वाली साग परोसने आएंगे। जैसे मतदाता पांच साल में एक बार मतदान करने जाता है तो उसे लगता है कि देश अब उसके मत से चलेगा। लेकिन परिणाम देखकर कुछ दिनों में उसका मत बदल जाता है। और देश की राजनीति अपने मद में चलने लगती है। सत्ता के हाथी की चाल में उसकी आवाज दब जाती है। कहां तो वह दबे-कुचलों की आवाज उठाने आया था और चुनाव बाद वह स्वयं दबा-कुचला-सा हो जाता है।

धीरे-धीरे वह तरी-साग की सच्चाई जानने लगता है। कौन तरी खा रहा है और किसके हिस्से साग आता है? और अंत में बड़ी जनसंख्या को सिर्फ साग के पतले पानी से ही संतुष्ट होना पड़ता है। जैसे उस दिन मंगल ने बहुत मेहनत की थी। भाग-भाग कर सबको भोजन कराया। आयोजन को सफल बनाने में निःस्वार्थ भाव से सेवा की। जैसे चुनावों के समय कुछ कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से दल की सेवा करते हैं और चुनाव जीतने के बाद मेवा किसी और के हाथ लगता है। उसी तरह आखिर में मंगल जैसों की थाली में सिर्फ पतला तरीनुमा पानी रह जाता है। *

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

# काव्यात्मक गद्य में लेखिका के मनोभाव

वर्तमान हिंदी कविता परिदृश्य में नीलेश रघुवंशी एक प्रतिष्ठित नाम हैं। कविता से इतर उनके द्वारा रचित दो उपन्यासों को भी बहुत पसंद किया गया है। अब हाल में प्रकाशित होकर आई पुस्तक 'गद्य का पानी' में उनके काव्यात्मक गद्य की रवानगी देखते ही बनती है। यह किसी एक विधा की सीमाओं में बंधी किताब नहीं है। यहां कई विधाओं का ऐसा मनोरम कोलाज नजर आता है, जो हमें लेखिका के भावजगत में उतरने, उनकी रचनात्मकता को बिल्कुल करीब से महसूसने और उनकी महीन संवेदनाओं को स्पर्श करने का रास्ता मुहैया कराता है। चार खंडों में बंटी इस किताब में नीलेश अपने अतीत से लेकर वर्तमान में आवाजाही करती नजर आती हैं। 'मन की चिट्ठी' खंड में वे मन, जीवन और समाज के विभिन्न तलों में उतरकर सृजन के रहस्य तलाशती हैं तो 'गद्य का पानी' खंड में अपने कुछ प्रिय रचनाकारों के सृजन जगत से गुजरते हुए, उत्पन्न विचारों को भी संजोती चलती हैं। उनके कुछ संस्मरणों और यात्रा संस्मरणों को 'आवारगी' खंड में पढ़ सकते हैं। अंतिम खंड 'जनरल बोगी' में संकलित उनके कुछ वक्तव्य और टिप्पणियां, हमें रचनाकार की अबूझ-अनदेखी सी सृजन भूमि में झांकने का झरोखा उपलब्ध कराती हैं। कहना चाहिए कि यह पुस्तक, पाठक को कई विधाओं से तैयार किश्ती के जरिए लेखिका के काव्यात्मक गद्य के अप्रतिम प्रवाह का आनंद लेने का अवसर प्रदान करती है। *




पुस्तकः गद्य का पानी,
लेखिकाः नीलेश रघुवंशी,
मूल्यः 399 रुपए,
प्रकाशकः राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

# स्वामी विवेकानंद ने भाग्य पर नहीं, बल्कि कर्म पर विश्वास करने की दी प्रेरणा : मंत्री लक्ष्मी

**0 विधायक भूलन बोले-युवा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति 0 युवा दिवस पर ऑडिटोरियम में हुआ जिला स्तरीय आयोजन**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर यहां के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मौजूद रही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद की पोशाक में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल रजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता रजवाड़े, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी, रेड क्रॉस सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले व अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत एवं नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता, काव्यपाठ, रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को जीवन में अनुशासन, धैर्य और आत्मबल अपनाने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में ही अनुशासन का अभ्यास करना आवश्यक है, क्योंकि यही आगे के जीवन की दिशा तय करता है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जीवनी का अध्ययन करने से यह समझ विकसित होती है कि जीवन में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी भारतीय विरासत, संस्कार और संयुक्त परिवार की परंपरा को भूलती जा रही है। जब युवा अपने दादा-दादी के अनुभवों से सीखते हैं, तभी उन्हें जीवन का वास्तविक सार समझ में आता है। स्वामी विवेकानंद ने भाग्य पर नहीं, बल्कि कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा दी और कहा कि कर्म से ही भाग्य बदला जा सकता है। उन्होंने युवाओं से मजबूत शरीर, निडर मन और ऊँचे चरित्र का निर्माण करने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया। उन्होंने युवाओं से यह याद रखने को कहा कि देश उनके लिए क्या कर सकता है, इससे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि वे देश के लिए क्या कर सकते हैं। देश की नींव को मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।उन्होंने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन परिवार के साथ समय बिताना, स्वदेशी अपनाने तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन की अपील की और कहा कि युवाओं को इन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण एवं उसके संरक्षण का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश के युवा ही राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। शिक्षित और जागरूक युवा ही देश को सही दिशा दे सकते हैं। उन्होंने नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का, बल्कि देश के भविष्य को भी नुकसान पहुँचाता है।




उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत युवाओं को सदैव प्रेरित करता रहेगा। स्वामी विवेकानंद का जीवन यह सिखाता है कि आत्मबल, चरित्र और सेवा-भाव से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। मंत्री ने आशा व्यक्त की कि स्वामी विवेकानंद के दार्शनिक और वैचारिक मूल्य आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनते रहेंगे और छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की युवा शक्ति को राष्ट्र सेवा एवं मानव कल्याण के लिए प्रेरित करते रहेंगे। प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद देश के महान संत और विचारक थे। उनके बताए मार्ग पर चलकर देश को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को देश निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। शिक्षा के माध्यम से ही समाज जागरूक बनता है और अनुशासन के साथ निरंतर आगे बढ़ा जा सकता है।

**बच्चो ने दी मनमोहक प्रस्तुति**

इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल तिलसिवा की छात्राओं द्वारा गीत प्रस्तुति दी गई। कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, कल्याणपुर के कलाकारों ने लोकगीत की प्रस्तुति दी। वहीं पीएम श्री सेजेस विद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुति दी। इस दौरान विधायक श्री मरावी द्वारा सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम के अंत में मंत्री लक्ष्मी ने विद्यार्थियों को विवेकानंद का राष्ट्र को आह्वान पुस्तिका भेंट की और विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## आबकारी टीम ने 8352 नशीले कैप्सूल के साथ नशे के सौदागर को किया गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** आबकारी विभाग की टीम ने शहर के एक युवक से बड़ी मात्रा में नशे के रूप में उपयोग किये जाने वाली कैप्सूल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई आबकारी आयुक्त श्रीमती आर. संगीता के निर्देश तथा कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी अनिल कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में की गई है। बताया गया है कि सूरजपुर वृत प्रभारी, आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में आबकारी टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शहर के वार्ड क्र.4 पंच मंदिर पारा, कब्रिस्तान मोहल्ला में मो. रोशन पिता अमीनुद्दीन 23 वर्ष अवैध रूप से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल रखकर विक्रय कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आबकारी टीम ने दबिश देकर आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। इस दौरान टीम ने आरोपी के कब्जे से 8352 नग नशीले कैप्सूल स्पास्मो प्रोक्सिवों बरामद किया है। जिन्हें विधिवत जप्त व सीलबंद कर आबकारी विभाग के कब्जे में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) के तहत



प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। इस पूरी कार्रवाई एवं विवेचना का कार्य आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा द्वारा किया गया। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक मेवालाल सोनवानी, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, आरक्षक कमलेश्वर राजवाड़े, महिला आरक्षक जमुना एक्का तथा वाहन चालक प्रमोद साहू एवं योगेंद्र पांडेय शामिल रहे।

## 120 बोरी अवैध संग्रहित चावल जप्त



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** नगर के नया बाजार गली स्थित एक गोदाम से बड़ी मात्रा में बिना दस्तावेज चावल बरामद किया गया है। राम अनुग्रह उपाध्याय के गोदाम पर की गई आकस्मिक जांच में अनियमितताएं सामने आई हैं।सूचना मिलने पर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल के निर्देश पर राजस्व अमले द्वारा सोमवार को निरीक्षण के दौरान गोदाम परिसर में खड़े ट्रक में 80 बोरी चावल पाया गया व इसके अलावा गोदाम के अंदर से भी 40 बोरी चावल बरामद हुआ, जिसके कोई वैध दस्तावेज नहीं थे।

जांच टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक में लोड 80 बोरी चावल को संबंधित थाने के सुपुर्द किया। वहीं गोदाम में मिले 40 बोरे चावल को जब्त कर आवश्यक कार्यवाही उपरांत संबंधित दुकानदार को सुपुर्द किया। प्रकरण को लेकर आगे नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्यवाही मे तहसीलदार सूर्यकांत साय व इजराइल अंसारी व अन्य संबंधित उपस्थिति थे।

# चार गांवों के किसानों को परशुरामपुर जलाशय से मिल रहा सिंचाई लाभ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले के परशुरामपुर जलाशय योजना से स्थानीय किसानों को खेती में भरपूर लाभ मिल रहा है। वर्ष 2006 में निर्मित इस जलाशय से चार गांवों के सैकड़ों किसान सिंचाई सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। अक्षांश 23.06‘40‘‘ तथा देशांतर 82.48‘15‘‘ पर स्थित इस बांध की कुल लंबाई 12.60 मीटर और अधिकतम ऊंचाई 20.70 मीटर है।



बांध की ऊपरी चौड़ाई 6 मीटर है, जबकि इसकी कुल जल भराव क्षमता 9.452 मिलियन क्यूबिक मीटर है।बांध की रूपांकित सिंचाई क्षमता खरीफ में 809 हेक्टेयर और रबी में 441 हेक्टेयर यानी कुल 1250 हेक्टेयर है। मुख्य नहर की लंबाई 5 किलोमीटर है, जबकि 5 शाखा नहरों की कुल लंबाई 4.9 किलोमीटर है। परशुरामपुर, जगन्नाथपुर, सुरता तथा अक्षयपुर गांवों के किसान इस जलाशय से सिंचाई का लाभ ले रहे हैं। वर्तमान में बांध में 5.75 मिलियन क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध है। वर्ष 2025 में खरीफ की वास्तविक सिंचाई 630 हेक्टेयर में की गई, जबकि रबी फसल का कुल लक्ष्य 170 हेक्टेयर रखा गया था। रबी सीजन में कुल 131 किसानों ने खेती की है, जिसमें ग्राम परशुरामपुर के 50, सुरता के 35, अक्षयपुर के 30 तथा जगन्नाथपुर के 16 किसान शामिल हैं। कृषि विभाग द्वारा बीज ग्राम योजना के तहत इस वर्ष किसानों को 29 क्विंटल गेहूं तथा 1 क्विंटल सरसों के बीज वितरित किए गए हैं। वर्तमान में ग्राम परशुरामपुर में 35 हेक्टेयर में विभिन्न फसलें उगाई जा रही हैं, जिसमें गेहूं 20 हेक्टेयर, सरसों 2 हेक्टेयर, चना 1 हेक्टेयर तथा मटर की खेती शामिल है। स्थानीय किसानों का कहना है कि जलाशय योजना से उन्हें समय पर सिंचाई की सुविधा मिल रही है, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। यह योजना क्षेत्र के कृषि विकास में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी एवं बनारस में छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध

**एनएसयूआई ने किया मोदी योगी का पुतला दहन**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के गिरफ्तारी एवं बनारस में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बनारस में चल रहे एनएसयूआई द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन पर सत्ता के इशारे पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया। लोकतांत्रिक आवाज़ को दबाने के उद्देश्य से एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की गिरफ्तारी की गई। इस पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से पदयात्रा करते हुए अग्रसेन चौक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा शुरू होने से पहले ही छात्र नेताओं को हाउस अरेस्ट करना कायरता की पराकाष्ठा है मोदी-योगी सरकार द्वारा लाठी चार्ज किया जा रहा है अगर मनरेगा पर नीयत साफ़ है तो सवालों से सरकार क्यू डर रही है। भाजपा सरकार युवाओं के आक्रोश से भयभीत है मनरेगा के बजट में कटौती और मजदूरों के हक पर वार के खिलाफ जब एनएसयूआई ने आवाज उठाई तो मोदी योगी सरकार की पुलिस ने दमन चक्र शुरू कर दिया सरकार की तानाशाही और दमनकारी रवैये के विरोध आज एनएसयूआई पूरे देश में विरोध कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, जिला कांग्रेस महामंत्री मनोज डालमिया,नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, मनोज अग्रवाल, नरेन्द्र यादव,नीरज तायल,जाकेश राजवाड़े, मधु साहू, हरि साहू, प्रशांत साहू, राम सिंह, कलकत्ता राजवाड़े, सीता शर्मा,सुनीता खाखा सहित एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# संन्यासी नहीं बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थे स्वामी जी : देव

**स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजयुमो ने मनाई जयंती**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भाजयुमो के द्वारा सोमवार को युवा दिवस के अवसर पर यहां मुख्यालय के विवेकानंद चौक में भारत के महान सपूत, आध्यात्मिक गुरु और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान भाजयुमो के पूर्व प्रदेश महामंत्री रितेश गुप्ता की उपस्थिति एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं मिठाई बांटकर उनकी जयंती मनाई।

इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने बताया कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे। आज ही के दिन, 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में उनका जन्म हुआ था। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 100 साल पहले थे।स्वामी जी ने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि युवा ही राष्ट्र की असली शक्ति हैं। उनका एक प्रसिद्ध मंत्र हम सभी के भीतर ऊर्जा भर देता है। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उन्होंने हमें सिखाया कि खुद पर विश्वास करना ही सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने कहा था कि अगर आप खुद पर भरोसा नहीं करते, तो आप ईश्वर पर भी भरोसा नहीं कर सकते। आज जब हम युवा दिवस मना रहे हैं, तो हमें आत्ममंथन करने की जरूरत है। स्वामी जी एक ऐसा भारत चाहते थे जहाँ के युवा शारीरिक रूप से मजबूत, मानसिक रूप से जागरूक और आध्यात्मिक रूप से शुद्ध हों। वे चाहते थे कि हम अपनी शिक्षा का उपयोग केवल खुद के लिए नहीं, बल्कि समाज के उत्थान के लिए करें। स्वामी जी अनंत समय तक युवाओं के अंदर जिवित रहेंगे। इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश साहू छोटू, शहर मंडल अध्यक्ष किशन देवांगन, वार्ड पार्षद पंकज चौबे, बजरंग राजवाड़े, दीक्षित वर्मा, शहीम अंसारी, प्रेमशंकर सोनी, दिलीप साहू, पटेल, हेमंत बैगा, रौशन गुप्ता, विकास अग्रवाल, आर्यन गुप्ता, महेंद्र साहू, हर्ष गुप्ता, संदीप जयसवाल उपस्थित थे।



# सिन्थेटिक हिरोईन ( चिट्टा ) बेचने वाले 9 आरोपी पकड़ाये

**दुर्ग, छ.ग. फ्रंटलाइन।** दुर्ग पुलिस के द्वारा नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत सिन्थेटिक हिरोईन (चिट्टा) बेचने वाले एक महिल समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तथाा उनके पास से करीब 52 ग्राम हिरोईन (चिट्टा), स्वीफ्ट कार, 9 नग मोबाईल, नगद रकम लगभग 9 लाख रूपए जप्त किया है।

नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन विश्वास अभियान में पुलिस को चिट्टा पंजाब से लाकर बेचने वाले दो गिरोहों को पृथक-पृथक थाना जामुल एवं खुर्सीपार क्षेत्र में पकड़ने की कार्यवाही की गई है। पुलिस को सूचना मिली कि थाना जामुल क्षेत्र के ढांचा भवन कुरूद निवासी महिला अपने पुत्र किशन सिंह के साथ पंजाब से चिट्टा मंगवाकर बेचने का कार्य कर रही है। सूचना पर ढ़ांचा भवन कुरूद में रेड कार्यवाही की गई है। आरोपी महिला के घर से 33.360 मिली ग्राम चिट्टा तथा 281.85 ग्राम डोडा चुरा बरामद किया गया। पूछताछ पर आरोपी महिला ने बताया कि यह पंजाब से चिट्टा मंगाकर 20,000 रूपये. प्रति ग्राम की दर से चिट्टा बिक्री करती है कस्टमर को चिट्टा पहुंचाने का काम इसका बेटा किशन करता है। चिट्टा बिक्री की रकम 8,90,400 रूपये भी महिला की निशान देही पर बरामद किया जाकर एनडीपीएस के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। चिट्टा प्राप्ती के स्त्रोंत तथा चिट्टा पेडलर एवं कोरियर की तलाश की जा रही है। आरोपी व उसके पुत्र का पुराना अपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

इसी प्रकार सूचना पर थाना खुर्सीपार थाना क्षेत्र में मिनी स्टेडियम सुलभ के पास आरोपी मिथलेश पाठक एवं परमेश्वर ठाकुर उर्फ पिन्टू डेफ्निट को संदिग्ध अवस्था में मिलने पर चेक किया गया इनके पास क्रमशः 8 ग्राम व 6 ग्राम सिंथेटिक नशा चिट्टा पाया गया। पूछताछ पर इन्होंने ने बताया कि हाल ही में पंजाब से चिट्टा लाये है तथा ये पंजाब से चिट्टा लाकर बेचने का व्यापार करते है। इन्होंने पंजाब से चिट्टा लाकर लोकेश अवस्थी खुर्सीपार जोन 2 भिलाई दीपक गुप्ता न्यू खुर्सीपार रणदीप मशाल चौक खुर्सीपार, अल्ताफ नेहरू नगर, निहाल सेक्टर 1 भिलाई तथ अन्य को चिट्टा बेचा है। आरोपी मिथलेष तथा परमेश्वर से चिट्टा जप्त करने के उपरांत इनकी निशानदेही पर दीपक गुप्ता निहाल राय, लोकेश अवस्थी, रणदीप सिंह, अल्ताफ कुरैशी से भी चिट्टा बरामद किया गया है। मामलें में पूछताछ पर अन्य की तलाश जारी है। अब तक थाना जामुल के अपराध क्रमांक-03/2026 के तहत महिला सहित किशन पिता मुख्तार सिंह उम्म्र 25 साल पता ढांचा भवन जामुल तथा थाना खुर्सीपार के अपराध क.-02/2026 के तहत मिथलेष पाठक, परमेश्वर उर्फ डेफ्निट ठाकुर दीपक गुप्ता, निहाल राय, लोकेश अवस्थी रणदीप सिंह, अल्ताफ कुरैशी के विरूद्ध धारा 8 21 (ख) 27 एनडीपीएस एक्ट कायम कर आज गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस रैकेट के अन्य की खोजबीन सरगमी से की जा रही है। नशे का रैकेट ध्वस्त करने हेतु विशेष टीम बनाई गई है।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555 9713108088



सरगुजा फ्रंटलाइन

# महापौर ने निगम के नए प्रशासनिक भवन का शेष कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने कहा

## मुख्यमंत्री कर सकते हैं भवन का लोकार्पण, एमआईसी की बैठक में 16 एजेंडों पर चर्चा



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नगर पालिक निगम के प्रशासनिक भवन में एमआईसी की बैठक महापौर के अध्यक्षता में हुई, जिसमें 16 एजेंडों पर विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया। बैठक में बड़े उद्यानों का संचालन स्व-सहायता समूहों को देने के प्रस्ताव पर एमआईसी के सदस्यों ने कहा कुछ बड़े उद्यानों में समूहों द्वारा केवल पैसे लिए जा रहे हैं व्यवस्था के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। ऐसे में समूहों को बदलने की आवश्यकता जताई गई, वहीं नियमों के तहत अधिकारियों ने इस पर असमर्थतता जताई। निगम द्वारा बनवाए गए छोटे उद्यानों को भगवान भरोसे छोड़ने की ओर ध्यान दिलाने पर महापौर ने जोन प्रभारियों को ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में आकांक्षी शौचालयों में ताला बंद होने का मामला सामने आया। इसका संचालन शुरू नहीं होने का जो कारण अधिकारियों के द्वारा सामने लाया गया, वह रायपुर में होने वाले टेंडर पर टिका है। इस पर एमआईसी के सदस्यों ने तंज कसा रायपुर से टेंडर होगा, तो यहां के लोग क्या करेंगे।

मेयर-इन-कौंसिल की बैठक में गौरवपथ पर निर्मित निगम के नए प्रशासनिक भवन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि नए प्रशासनिक भवन का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। बैठक कक्ष में टेबल, माइक व बैठक व्यवस्था को लेकर कुछ काम शेष है, इसके बाद यहां कार्य आरंभ हो सकता है। इस पर महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि आगामी 26 जनवरी को मुख्यमंत्री के अंबिकापुर में आने की संभावना है। यदि उनका कार्यक्रम तय होता है तो चर्चा करके उनके ही हाथों प्रशासनिक भवन का उद्घाटन कराया जा सकता है, तब तक बचे हुए सारे कार्य भी पूर्ण हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के अंबिकापुर में ध्वजारोहण के लिए आने की संभावना है, इसे देखते हुए शेष कार्यों को मूर्तरूप दिया जा रहा है। महापौर ने अधिकारियों को 26 जनवरी से पहले सारी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि नगर निगम के नए प्रशासनिक भवन में कुछ काम बजट की कमी से अटके रह गए थे। निगम चुनाव से पूर्व ही इसके उद्घाटन की तैयारी की जा रही थी, परंतु मामला अटक गया। नई सरकार आने के बाद भी यहां अभी तक काम पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसे में अभी भी निगम का सारा काम पुराने भवन में ही चल रहा है। बैठक में विभिन्न जोन में सफाई का काम ठेके की जानकारी दी गई। ठेके की दर पूर्व के दर से कम आने की जानकारी अधिकारियों ने दी। चौक-चौराहों के नामकरण के लिए आए आवेदनों पर महापौर ने कहा कि आवेदनों को किसी एक व्यक्ति के बजाए मोहल्ले वासियों के ओर से होना चाहिए, जिससे बाद में आपत्ति होने की संभावना कम हो। बैठक में एमआईसी सदस्य, निगम आयुक्त के साथ सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नए सब्जी मंडी में दुकानों की संख्या 100 करें

बैठक में अधिकारियों ने महापौर को बताया कि भगवानपुर में बन रही थोक सब्जी मंडी में वर्तमान में केवल 28 दुकानें ही निर्मित हैं, जबकि कंपनी बाजार में संचालित थोक सब्जी मंडी में 80 दुकानें हैं ऐसे में स्थानांतरण के दौरान काफी विवाद हो सकता है। महापौर की अनुमति से इसे अन्य विषय में जोड़कर भगवानपुर में बन रहे नए सब्जी मार्केट में दुकानों की संख्या 100 तक करने और इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चौकों का मरम्मत कार्य कराने, शौचालयों की साफ-सफाई व संचालन सहित पेंशन प्रकरणों की स्वीकृति का मुद्दा शामिल रहा।

### कैबल हो गया चोरी

शहर में व्हीव्हीआईपी के आगमन दौरान हाईमास्क लाइटों को हटाया गया था, इनमें से स्टेडियम के अंदर के 4 हाईमास्ट लाइटों को तो पूर्ववत लगा दिया गया, लेकिन स्टेडियम परिसर के बाहर लगा एक हाईमास्ट लाइट नहीं लग पाया है। एमआईसी की बैठक में सामने आया कि इसका केबल चोरी हो गया है। इसी प्रकार स्टेडियम व घड़ी चौक के बीच की सुंदरता को बढ़ाने के लिए माई अंबिकापुर की जगमगाहट को भी चोरों ने केबल को क्षतिग्रस्त करके खतरे में पहुंचा दिया है। शहर के इस स्थल पर लगे सीसीटीव्ही के खराब होने के कारण चोरों की करतूत कैद नहीं हो पा रही है। घटना की जानकारी पुलिस को देने की तैयारी है।

# एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी और लाठीचार्ज के विरोध में मोदी-योगी का पुतला दहन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मनरेगा में बदलाव को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की अलोकतांत्रिक एवं अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी, छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई सरगुजा के जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में शहर के स्वामी विवेकानन्द, घड़ी चौक में मोदी-योगी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। नारेबाजी करते पहुंचे एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बे-रोकटोक पुतला दहन किए।

बता दें कि 11 जनवरी को कांग्रेस मनरेगा बचाओ संघर्ष आंदोलन अंतर्गत पूरे देश में उपवास और प्रदर्शन कर रही थी। वाराणसी में चल रहे प्रदर्शन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और कार्यकर्ता शांतिपूर्ण ढंग से शामिल थे। इस दौरान वाराणसी प्रशासन द्वारा बिना किसी ठोस कारण के दमनात्मक कार्रवाई करते हुए वरुण चौधरी को गिरफ्तार किया गया और कार्यकर्ताओं पर बर्बरता के साथ लाठी चार्ज किया गया। इसके विरोध में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने सोमवार को जिला मुख्यालय में पुतला दहन करने का निर्णय लिया था। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने कहा कि संगठन भाजपा सरकार के इस तानाशाही रवैये की कड़े शब्दों में निंदा करता है और स्पष्ट करता है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक अन्याय समाप्त नहीं होगा, एनएसयूआई का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान, आलोक सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, सतीश बारी, विकल झा, हिमांशु जायसवाल, शुभम जायसवाल, सीपू सिंह, अमित जायसवाल, आकाश यादव, राधे अग्रवाल, ऋषिकेश मिश्र, अंकित, अतुल यादव, आकाश अग्रहरि, अनमोल गोस्वामी, संजर नवाज, अभिषेक सोनी, लोलर सिंह, अभिनव पांडे, दीपेश धर सहित अन्य उपस्थित थे।

# नवा बिहान ने युवा एवं बाल चेतना अभियान के लिए की अभिनव पहल



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र सरगुजा के द्वारा संवाद से संकल्प तक, विकसित भारत के लिए युवा एवं बाल चेतना पर केन्द्रित अभिनव पहल के क्रियान्वयन हेतु होटल सिग्नेचर इन में कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की। नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान सरगुजा के समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने विकसित भारत की परिकल्पना को दृष्टिगत रखते हुए युवा नेतृत्व संवाद के परिपेक्ष्य में सरगुजा जिले में नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान के द्वारा युवा संवाद एवं बाल चेतना अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा। नवा बिहान के संयोजक मंगल पाण्डेय ने कहा कि युवाओं में विकसित भारत के निर्माण में सकारात्मक हस्तक्षेप करने हेतु स्वैच्छिक संगठनों, सरगुजा पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जिले के युवाओं और बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर संवाद स्थापित करना होगा। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी ने कार्यक्रम के अंतर्गत, नैतिक शिक्षा, नशामुक्ति एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता, यातायात नियमों की जानकारी एवं पालन, साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव को शामिल करने का सुझाव दिया। उपनिरीक्षक अभय तिवारी ने इस कार्यक्रम को राउंड टेबल डिस्कर्शन के माध्यम से संचालित करने का सुझाव दिया, जिससे प्रतिभागियों को खुलकर अपने विचार व्यक्त करने, प्रश्न पूछने तथा विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा। वरिष्ठ समाजसेवी मनोज भारती ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास, सकारात्मक सोच, कानूनी एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता तथा उन्हें एक सशक्त और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है, ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। साहित्यकार कवि संतोष दास सरल ने सुझाव दिया कि इसकी कार्ययोजना बनाकर हम सभी पुलिस अधीक्षक सरगुजा को यथाशीघ्र साझा करें, जिससे इस अभियान को मूर्त रूप दिया जा सके। कोर कमेटी की बैठक में अधिवक्ता विजय शंकर तिवारी, अमृत लाल प्रधान, विजय उपाध्याय, अर्णव कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, समाजसेविका अमृता जायसवाल एवं सरस्वती तिवारी ने भी अपने बहूमूल्य सुझाव दिए।

# धान खरीदी प्रक्रिया में लापरवाही पर संबंधितों पर होगी कार्रवाई

## अंतिम दिनों में विशेष सतर्कता बरतने की जरुरत- कलेक्टर श्री अजीत वसंत



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, राम सिंह ठाकुर, अमृत लाल ध्रुव, नगर निगम आयुक्त डी.एन. कश्यप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनहित के कार्यों में गति लाएं, पारदर्शिता बनाए रखें और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को ई-अटेंडेंस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए और इसका अनिवार्य रूप से पालन करने कहा। उन्होंने जिले में जन्म प्रमाणपत्र एवं जाति प्रमाणपत्र निर्माण में प्रगति की समीक्षा की। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे स्कूली बच्चों जिनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है, उनकी सूची संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को उपलब्ध कराएं, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम एवं विभागवार लंबित प्रकरणों का तय समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डीएमएफ मद से स्वीकृत अपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण हों तथा कार्य पूर्ण होने के उपरांत समय पर टीएस जारी किया जाए। ऐसे ग्राम पंचायत जहां पुराने कार्य लंबित हैं, वहां कोई भी नया काम स्वीकृत नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पीवीटीजी युवाओं को अनिवार्य अहर्ताओं के आधार पर योग्यतानुसार विभिन्न विभागों में रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ध्यान रखें कि कार्यस्थल उनके निवास से अधिक दूरी पर ना हो। वहीं उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों के उपस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान पीएम जनमन योजनांतर्गत मल्टी पर्पज सेंटर, सड़क, पीएम आवास, आंगनबाड़ी केंद्र, मोबाईल कनेक्टिविटी, विद्युतीकरण सहित अन्य कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

धान खरीदी की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में धान खरीदी प्रक्रिया सुव्यवस्थित पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलाई निर्धारित मानक के अनुसार हो, किसानों को टोकन काटने एवं एग्रीस्टेक पंजीयन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने डीओ, उठाव की जानकारी लेते हुए भौतिक सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के सख्त निर्देश हैं कि पात्र किसानों का ही धान खरीदा जाए। नोडल अधिकारी आवश्यक सतर्कता बरतें, उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के अंतिम दिनों में विशेष सतर्कता बरतने की जरुरत है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित समिति प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

### एसआईआर दावा-आपत्ति प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें

कलेक्टर ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जारी मतदाता सूची अद्यतन करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित समस्त दावा-आपत्ति प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा पात्र मतदाताओं के नाम किसी भी स्थिति में न कटें, पीवीटीजी मतदाताओं पर विशेष फोकस करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने एआरओ और ईआरओ को निर्देश दिए कि गणना एवं घोषणा पत्रों के साथ शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें।

### प्रत्येक विकासखण्ड में बनेगा एस्ट्रोनॉमी लैब

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक एस्ट्रोनॉमी लैब तैयार किया जाएगा, जिससे जिले के विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान को समझने में सहायता मिलेगी। उन्होंने इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखण्डों में ऐसे एक-एक विद्यालय का चयन करें तथा लैब हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने कहा कि जिले के समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में लाइब्रेरी संचालित किया जाए, जहां 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों, नीट, जेईई, सिविल सर्विसेस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बंधित पुस्तकें रखी जाएंगी। जिससे बच्चों को इन सभी की जानकारी स्कूल में ही हो जाए, यह उनके भविष्य के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने इस हेतु जल्द कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### गणतंत्र दिवस का आयोजन होगा पीजी कॉलेज ग्राउंड में

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि पीजी कॉलेज ग्राउंड में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समय पर सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी झांकी प्रदर्शनी हेतु अच्छी तैयारी कर लें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने हेतु जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया।

# घास मारने वाले दवा का सेवन किए युवक की इलाज के दौरान मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जशपुर जिला के ग्राम टिमरला का एक युवक खर-पतवार नाशक दवा का सेवन करने के बाद उल्टी करने लगा। पूछताछ में वह स्वजन को हड़िया पीने की जानकारी देकर गुमराह करते रहा। स्वजन स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर क्षेत्रीय अस्पतालों का चक्कर काटते उसे लेकर अंबिकापुर के होलीक्रॉस अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां उपचार के दौरान वह नर्सिंग स्टाफ को घास मारने वाले कीटनाशक का सेवन करने की जानकारी दिया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

मृतक के पिता रमेश राम ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि उसका पुत्र कल्याण राम कक्षा 11वीं तक पढ़ाई करने के बाद स्कूल जाना छोड़ दिया था और घर पर ही रहता था। 29.12.25 को शाम को गांव से घर आया और उल्टी कर रहा था। उल्टी करने का कारण पूछने पर वह बताया कि हड़िया शराब पिया हूं, इसलिए उल्टी हो रहा है। 3 जनवरी को पुन: उल्टी करने से उसके गला में छिलने जैसा हो गया था। इसके बाद उसे कल्याण आश्रम जशपुर लेकर गए, वहां दो घंटे इलाज के बाद रिफर करने पर जिला अस्पताल जशपुर ले गए। यहां से भी दो घंटे इलाज के बाद रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे और इलाज कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए छुट्टी कराकर 4 जनवरी को होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराए थे। यहां जांच में पीलिया बिमारी का लक्षण होना बताया गया। इलाज दौरान होलीक्रॉस अस्पताल के नर्स को कल्याण राम बताया कि वह घास मारने वाला दवा पिया है, इसकी जानकारी डॉक्टर ने स्वजन को दी। आईसीयू वार्ड में इलाज के दौरान 11 जनवरी को वह दम तोड़ दिया। पुलिस मर्ग कायम करके मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराई है।

# जनसंपर्क विभाग द्वारा '2 साल निरंतर सेवा निरंतर विकास' कार्यक्रम का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शासन के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा कला केंद्र मैदान में '2 साल निरंतर सेवा निरंतर विकास' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नृत्य, संगीत के माध्यम से लोगों को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने बड़ी संख्या में लोग देर शाम तक कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। इस दौरान शासन की योजनाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। योजनाओं का लाभ लेने वाले शहरवासियों ने शासन की योजनाओं को सराहा और अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम स्थल पर स्व सहायता समूह के दीदियों द्वारा 'सरगुज़ा नेचुरल्स' का स्टॉल लगाया गया। विजेताओं को पुरस्कार के रूप में दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के कूपन दिए गए, लोगों ने बिहान उत्पादों को खरीदा। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के नागरिक शामिल हुए। सभी को महतारी वंदन योजना, श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना, कृषक उन्नति योजना, पीएम सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री बस योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई तथा लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन का भी वितरण किया गया। संयुक्त संचालक जनसंपर्क रायपुर इस्मत जहां दानी ने नागरिकों को आगामी 23 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाले रायपुर साहित्य उत्सव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान लोगों ने रायपुर साहित्य उत्सव में हिस्सा लेने रजिस्ट्रेशन किया। कार्यक्रम में सहायक संचालक जनसम्पर्क विभाग सरगुज़ा अजीत एक्का, सहायक सूचना अधिकारी जनसम्पर्क मेघा यादव, जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम नीरज नामदेव सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# देवेश शुक्ला मनोनीत हुए विचार मंच संस्था के अध्यक्ष



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** लाजपत राय अग्रवाल के निवास पर शहर के गणमान्य लोगों की बैठक हुई। बैठक में आचार्य जयराम मिश्रा, लाजपत राय अग्रवाल, देवेश शुक्ला, गोपाल पाण्डेय, धीरेन्द्र नाथ दुबे, गोपाल दास केशरवानी, सत्येन्द्र तिवारी भूतपूर्व ब्राम्हण समाज (अध्यक्ष), मो. रज्जाक शामिल हुए। वरिष्ठजनों ने रचनात्मक कार्य करने के लिए पर्यावरण के क्षेत्र में सामाजिक स्तर पर बढ़ते हिंसा, युवाओं में बढ़ते नशाखोरी, विभिन्न समुदायों में सद्भावना बढ़ाने हेतु प्रकार अराजनैतिक संस्था बनाने पर जोर दिया, और 'विचार मंच' नामक संस्था की स्थापना हुई। संस्था का संयोजक गोपाल दास केशरवानी को उनके अनुभव को देखते हुए बनाया गया। संस्था पूर्ण रूप से अराजनैतिक रहेगी। किसी भी राजनैतिक दल से इसका कोई संबंध नही होगा। राजनैतिक दल के सदस्य विचार मंच के सदस्य हो सकते हैं। विचार मंत्र के संयोजक ने संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देवेश शुक्ला को संस्था का अध्यक्ष मनोनित किया है।

# कड़ाके की ठंड में मानवता की मिसाल बना गायत्री परिवार

**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा से समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय गायत्री परिवार सूरजपुर ने कड़ाके की ठंड के बीच मानवता, करुणा और सेवा भाव का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 10 जनवरी को विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर की झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में कंबल, साड़ी, साल एवं गर्म टोपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान का नेतृत्व उप जोन संभाग प्रमुख प्रभारी भोला प्रसाद अग्रवाल ने किया। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने ठंड से कांप रहे जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचकर कंबल, महिलाओं के लिए साड़ी-साल तथा बच्चों एवं बुजुर्गों को गर्म टोपी वितरित की। भीषण ठंड के बीच किए गए इस मानवीय प्रयास से बस्ती के लोगों को न केवल ठंड से राहत मिली, बल्कि उनके चेहरों पर आशा, संतोष और मुस्कान भी दिखाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि गायत्री परिवार केवल आध्यात्मिक चेतना का संदेश देने वाला संगठन ही नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त सामाजिक आंदोलन है। सेवा, सद्भाव और समर्पण की भावना से किया गया यह कार्य अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। सेवा अभियान में गायत्री शक्तिपीठ से जिला समन्वयक शिवशंकर कुशवाहा, अवधेश कुमार गोयल, पवन कुमार गर्ग, ग्राम सरपंच नंदलाल, रामायण गुप्ता, डी.पी. गुप्ता, सुशील निगम सहित गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता, संवेदना और सम्मान पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सद्भाव, मानव कल्याण एवं सेवा संकल्प के साथ हुआ।

# मोटरसायकल से गिरकर घायल हुए युवक की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मोटरसायकल से गिरकर जख्मी हुए युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया मृतक संदीप गिरी पिता राजेश गिरी 22 वर्ष, सूरजपुर जिला के भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम अनरोखा का रहने वाला था। रविवार की शाम को वह गांव में ही मोटरसायकल से अनियंत्रित होकर गिर गया था। मौके से अचेत अवस्था में उसे भटगांव स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, यहां से रिफर करने पर होली क्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करके मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर